# पुलिस 10 किमी क्षेत्र के सीसीटीवी खंगाल रही

## कालिंदी को पलटाने की साजिश का मामला, घटनास्थल के पास सक्रिय मोबाइल नंबरों को भी देखा जा रहा

कार्यालय संवाददाता, शिवराजपुर/कानपुर

**अमृत विचार।** कालिंदी कांड को पलटाने की साजिश के बाद पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर शिवराजपुर टोल समेत 5 किमी बिल्हौर साइड और 5 किमी कानपुर साइड के भवनों, मिलों, कोल्डस्टोरेज और फैक्ट्रियों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। आसपास कई किमी के दायरे में जो भी पेट्रोल पंप कर्मी हैं, उनसे भी पूछताछ शुरू कर दी गई है। उनके यहां लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। सर्विलांस टीम की मदद से घटनास्थल के आसपास जो भी मोबाइल नंबर एक्टिव थे, उनकी कई दिन की डिटेल निकलवाई जा रही है। उसमें देखा जाएगा कि किसकी कितने बार कहां पर बात हुई है।

घटनास्थल के आसपास स्थित सानिवादा, उधौनिवादा, सेनानिवादा, धमनी निवादा, मुडेरी, बंशी निवादा, ढोकापुर, कंठीपुर, दरियानिवादा समेत 10 गांवों में पुलिस के साथ एलआईयू, विजिलेंस और सुरक्षा एजेंसियां डेरा डाले हुए हैं।



पुलिस अफसरों से जानकारी लेते सहायक सुरक्षा आयुक्त पवन श्रीवास्तव। अमृत विचार

### उच्चस्तरीय जांच और सख्त कार्रवाई हो: मायावती

**कानपुर।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर लिखा है कि कानपुर में रेलवे पटरी पर गैस सिलेंडर आदि रखकर रेल दुर्घटना कराने के षडयंत्र का विफल होना संतोषजनक। इसकी उच्चस्तरीय जांच पड़ताल के बाद दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जरूरी है, ताकि जन व रेलवे सुरक्षा बनी रहे।

### लगता है कोई गहरी साजिश : महापौर

महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में जिस तरह से यूपी में ट्रेनों को लेकर लगातार हादसे हो रहे हैं उसमें मुझे गहरी साजिश नजर आती है। जिस तरह से कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश की गई और वहां पर पटरियों पर भरा हुआ सिलेंडर रख दिया गया, उससे कई सवाल खड़े हो गए हैं। एक बात साफ है कि यह एक गहरी साजिश के तहत किया जा रहा है।

### अधिकारियों की चहलकदमी

रविवार देर रात एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था हरीश चंदर और डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह के साथ तमाम पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस को स्वीट हाउस का झोला, एक बोतल में पेट्रोल और माचिस समेत तमाम संदिग्ध चीजें मिली थीं। पुलिस की छह टीमें इस मामले के खुलासे के लिए लगाई गई हैं। वहीं सोमवार सुबह से एनआईए, आईबी, एटीएस, एसटीएफ और सुरक्षा एजेसियां समेत रेलवे के अधिकारियों का जमावड़ा लगा रहा।

# बरामद झोला छिबरामऊ के सियाराम स्वीट्स का

संवाददाता कानपुर, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर मिले सियाराम स्वीट्स के झोले और माचिस की डिब्बी से जांच शुरू की गई है। मौके पर मिला झोला छिबरामऊ स्थित सियाराम स्वीट्स का है। इसी में विस्फोटक और पेट्रोल बम को रखकर लाया गया था। मौके पर मिले बोतल बम में पेट्रोल ही था। इसकी जांच में पुष्टि हुई है। मिले पाउडर की जांच के लिए फोरेंसिक ने सैंपल लिया है।

इसके अलावा ऊधौनिवादा के दो युवकों को पूछताछ के लिए उठाया गया है, जो गैस रिफलिंग का काम करते हैं। दूसरी ओर छिबरामऊ प्रतिनिधि के अनुसार सियाराम स्वीट्स पर पूछताछ करने पहुंची एसटीएफ और पुलिस ने तीनों दुकानों के सीसीटीवी जांचे और डीवीआर कब्जे में लिया है।



जानकारी देता दुकानदार। अमृत विचार

- **पुलिस और एसटीएफ पहुंची मिठाई की दुकान पर**
- **दुकानों के सीसीटीवी जांचे और डीवीआर कब्जे में लिया**

इस बारे में दुकान मालिक संजय सिंह राजपूत ने बताया कि पुलिस डीवीआर लेकर चली गई।

**शिवराजपुर में बिकती इस ब्रांड की माचिस:** पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल पर जो माचिस मिली है, वह सुपर टेडी ब्रांड की माचिस है जो शिवराजपुर और आस-पास प्रयोग में लाई जाती है।

# ट्रैक किनारे की बस्तियों की बनेगी कुंडली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **रेलवे लाइन की 24 घंटे सुरक्षा, आरपीएफ, गैंगमैन, पीडब्लूआई करेंगे निगरानी**
- **अतिसंवेदशनशील क्षेत्रों को चिह्नित कर जीआरपी, आरपीएफ गश्त बढ़ाएंगे**

**अमृत विचार।** साबरमती के बाद अब कालिंदी एक्सप्रेस को एलपीजी गैस सिलेंडर से उड़ाने की साजिश के बाद रेलवे ने अपने ट्रैक को हाईअलर्ट पर कर दिया है। ट्रैक की सुरक्षा के लिए विशेष दस्ता तैयार करके 24 घंटे गश्त के निर्देश दिये हैं। ट्रैक की निगरानी के लिए आरपीएफ और पीडब्लूआई (रेल पथ निरीक्षक) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। रेलवे लाइन के किनारे गांवों-बस्तियों की पूरी जानकारी इकट्ठा की जाएगी।

उत्तर मध्य जोन प्रयागराज और पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के आला अधिकारियों ने आरपीएफ, पीडब्लूआई को ट्रैक की जिम्मेदारी सौंपी है।

ट्रैक की निगरानी के लिए क्षेत्रीय लोगों की भी मदद ली जायेगी। आरपीएफ और जीआरपी ने तय किया है कि ट्रैक के किनारे बसे गांवों के कुछ शिक्षित पढ़े लिखे लोगों को अपना मोबाइल नंबर देंगे ताकि कभी कोई दिक्कत आए या संदिग्ध मामला लगे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

### लोगों का वेरीफिकेशन करेगी जीआरपी

जीआरपी ने तय किया है कि अतिसंवेदनशील क्षेत्रों का चयनित करके ट्रैक के किनारे किनारे बसी बस्तियों के एक एक शख्स का वेरीफिकेशन करेगी और ये जानने की कोशिश करेगी कि कौन कितने दिनों से रह रहा है और उसके परिवार में कितने लोग हैं और वह क्या करते हैं। यदि कोई अपराधी था तो इस समय कहां है और क्या करता है। जरूरत पड़ी तो कुछ बस्तियों के पास जीआरपी के सिपाहियों की ड्यूटी भी लगायी जाएगी जैसा कि झकरकटी पुल के नीचे होता है।

> ट्रैक की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जा रही है। ट्रैक की सुरक्षा और निगरानी के लिए आरपीएफ, जीआरपी, पीडब्लूआई को विशेष दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। आरपीएफ की सीमा तय है, कहां तक किसे गश्त करना है।
>
> **–पंकज कुमार सिंह, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर**

# सहायक सुरक्षा आयुक्त ने ट्रैक पर कराई नाप-जोख

**कानपुर।** घटनास्थल पर रेलवे के आलाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे बरेली के सहायक सुरक्षा आयुक्त पवन श्रीवास्तव ने जांच शुरू की। उन्होंने डयूटी पर मौजूद गैंगमैन के बयान दर्ज किए। साथ ही जिस पोल के पास एलीपीजी सिलेंडर रखा था वहां से जिस जगह गिरा वहां तक कर्मियों ने नापजोख कराई। यह भी चिन्हित किया गया कि ट्रेन के टकराने के बाद से किस-किस जगह पर रेलवे के स्लीपर में रगड़ लगी।

**इंडियन गैस एजेंसी पहुंची पुलिस, मांगी सूची:** पुलिस की टीमें इंडियन गैस एजेंसी पहुंची। जहां पर संचालक से यह सूची मांगी गई कि पिछले तीन दिनों में किसको-किसको कहां पर सिलेंडर बांटा गया। पुलिस इसके बाद सूची में शामिल लोगों के घर जाकर पूछताछ कर इनपुट जुटाएगी। घटनास्थल पर मिले सिलेंडर पर अंकित नंबर के आधार पर भी जांच की जा रही है कि सिलेंडर कहां से आया।



घटनास्थल के पास केबिन पर जानकारी लेते रेलवे अफसर। अमृत विचार

### 17 अगस्त को डिरेल की गई थी साबरमती एक्सप्रेस

पिछले महीने 17 अगस्त को पनकी के पास साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के 22 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। हादसा 17 अगस्त की देर रात 2:30 बजे हुआ था। वाराणसी से अहमदाबाद जा रही साबरमती एक्सप्रेस (19168) पटरी से उतर गई थी। जांच में पता चला था कि शरारती तत्वों ने पटरी पर लोहे की एक और पटरी बांध दी थी जिससे टकरा कर ट्रेन के कोच डिरेल हो गए थे।

### सिलेंडर फटता तो होती भारी तबाही

रेलवे और पुलिस के अधिकारी इस बात की दबी जुबां घटनास्थल पर चर्चा कर रहे थे कि अगर ट्रेन की टक्कर से भरा सिलेंडर फट जाता तो भारी तबाही होती। इंजन समेत पहला-दूसरा कोच तो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाते। सूत्रों ने बताया कि कालिंदी एक्सप्रेस में कल्याणपुर से तकरीबन रोज 1000 से ज्यादा लोग सफर करते हैं। घटना के समय पूरी ट्रेन खचाखच भरी हुई थी। जिस वक्त ट्रेन सिलेंडर से टकराई, उसकी रफ्तार 60 किमी से भी ज्यादा थी। इसके साथ ही मौके से बरामद पेट्रोल हादसे को और भयावह बनाने के लिए लाया गया था।

### घटना के समीप मजार पर 14 को है जलसा

3 नंबर रेलवे क्रॉसिंग के समीप ही एक मजार है। जहां पर 14 सितंबर को जलसा होना है। अब प्रशासनिक अधिकारी कार्यक्रम से जुड़े तमाम लोगों से पूछताछ कर रहे हैं और जानकारी जुटा रहे हैं। हालांकि इस बारे में पुलिस अधिकारियों ने कुछ स्पष्ट नहीं किया है।



पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। अमृत विचार

# कालिंदी मामले में गठित होगी एसआईटी

कार्यालय संवाददाता, शिवराजपुर/कानपुर

- **साबरमती कांड की भी जांच कर रही एसआईटी**

**अमृत विचार।** कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश के मामले की जांच एसआईटी करेगी। मंगलवार को इसे गठित कर दिया जाएगा। इस मामले की जांच एनआईए, आईबी, एटीएस और खुफिया एजेंसी भी कर रही हैं। इससे पहले पनकी थानाक्षेत्र में साबरमती एक्सप्रेस को रेलवे ट्रैक पर पटरी का टुकड़ा रखकर पलटाने की साजिश रची गई थी। जिसमें 22 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस मामले में भी एफआईआर दर्ज कराने के बाद एसआईटी गठित की गई। जांच अभी चल रही है।

# दिल्ली, लखनऊ के सम्पर्क में खुफिया एजेंसियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एटीएस और आईबी के अधिकारी दिल्ली और लखनऊ के सम्पर्क में हैं। पांच वर्षों में ट्रेनों में हुई संदिग्ध घटनाओं में जो भी नाम प्रकाश में आए हैं उनके बारे में भी जानकारी जुटाई रहे। सोमवार देर रात तक एजेंसियों ने आधा सैकड़ा से अधिक संदिधो को उठाया है उनसे गुप्त स्थान पर पूछताछ की जा रही है। एजेंसियों के सारे अधिकारियों में शिवराजपुर के पास एक होटल में डेरा डाल रखा है मंगलवार सुबह से एक बार फिर से जांच शुरू की जाएगी।

### घटनाओं में शामिल अपराधियों पर नजर

पिछले कई वर्षों में कानपुर व आसपास के शहरों में रेल की घटनाओं में शामिल अपराधियों के बारे में एजेंसी जानकारी जुटा रही हैं। कहीं ना कहीं पुलिस और एजेंसियां मुख्य आरोपी तक पहुंचना चाहती है। इसको लेकर आसपास के होटल में रुकने वाले लोगों के बारे में भी जानकारी की जा रही है। वहीं शिवराजपुर, मंधाना, कल्याणपुर, बिल्हौर और कन्नौज के रेलवे स्टेशन को भी चेक कर सीसीटीवी देखे जा रहे हैं।

# दोनों घटनाओं में खुफिया फेल, कन्नौज तक फैला जांच का दायरा



घटनास्थल पर डॉग स्क्वायड भी पहुंचा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शिवराजपुर/कानपुर

- **कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश का मामला**
- **साबरमती कांड में भी कोई सुराग नहीं लगा**

**अमृत विचार।** साबरमती एक्सप्रेस को डिरेल होने को एक महीना भी नहीं बीता था कि रविवार रात कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश रची गई। खुफिया एजेंसियां फेल साबित हुई हैं। रेलवे ट्रैक पर रखे गए एलपीजी सिलेंडर से कालिंदी एक्सप्रेस से टकराने की सूचना जैसे ही लखनऊ से लेकर दिल्ली तक पहुंची तो हड़कंप मच गया। जांच का दायरा कन्नौज तक पहुंच गया है।

जांच एजेंसियां ट्रेन चालक, गार्ड और बोगियों में सवार पैसेंजरों से पूछताछ करेंगी। इस गंभीर घटना की जांच रिपोर्ट सीधे शासन को भेजी जाएगी।

डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह के निर्देश पर अलग-अलग पुलिसकर्मियों की टीमों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। मुडेरी क्रासिंग के पास घटनास्थल के किनारे उगी झाड़ियों में घुसकर जांच पड़ताल की। जिस स्थान पर सिलेंडर से ट्रेन की टक्कर हुई उसके बाएं हाथ पर काफी झाड़ियां दबी हुई थीं। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है, वहां लोग छिपकर बैठे होंगे।

### कोई न कोई लोकल जरूर शामिल है

ट्रेन को पलटाने की साजिश के मामले में सारी सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस जांच में जुट गई हैं। घटना की जांच जिला कन्नौज तक जा रही है। इस मामले में एटीएस और एसटीएफ के रडार पर कई संदिग्ध हैं। अलग-अलग टीमें सीसीटीवी फुटेज देख रही हैं। सूत्रों ने बताया कि इस घटना में जुड़े तार वहीं से हो सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि इस मामले में कोई लोकल व्यक्ति भी शामिल है।

लापरवाही | पहले हुए ट्रेन हादसों और साजिशों का नहीं हो सका खुलासा

# जांच पर जांच, दोषियों तक नहीं पहुंची आंच

कार्यालय संवाददाता, शिवराजपुर/कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर पिछले कई वर्षों से आतंकी साजिश और शरारती तत्वों की साजिश का शिकार हो रहा है। कई बार ट्रेनों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। कुछ में वह लोग सफल रहे तो कुछ में असफल। इन घटनाओं में सैकड़ों बेगुनाहों की जानें जा चुकी हैं। लेकिन आज तक एक भी बड़े मामले की जांच का खुलासा नहीं किया गया।

हर बार घटना होने पर तमाम एजेसियां जांच करती हैं लेकिन आज तक शहर में हुए हादसों में से किसी पर जांच की आंच नहीं पहुंची। नतीजतन दोषियों पर आजतक कार्रवाई नहीं हो सकी। जांच रिपोर्ट ठंडे बस्ते में चली जाती है। पुखरांया और रूरा जैसे बड़े रेल हादसों की जांच भी सार्वजनिक नहीं हुई।

### शहर में हुए ट्रेन हादसे

- वर्ष 2010 : पनकी स्टेशन के पास गोरखधाम एक्सप्रेस और प्रयागराज एक्सप्रेस टकरा गई थीं। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई और 51 लोग घायल हो गए थे।
- 10 जुलाई 2011 : मलवां में हावड़ा से दिल्ली की तरफ आ रही कालका मेल ट्रेन पटरी से उतर गई। घटना में 70 लोगों की मौत हुई थी।
- 20 नवंबर 2016 : पुखरायां में पटना-इंदौर एक्सप्रेस के 14 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस हादसे में करीब 150 लोगों की मौत हुई थी।
- 28 दिसंबर 2016 : कानपुर-इटावा के बीच रूरा स्टेशन के पास अजमेर-सियालदाह एक्सप्रेस हादसे का शिकार हुई। जिसमें 2 यात्रियों की मौत और दो दर्जन से अधिक घायल हुए थे।
- 31 दिसंबर 2017 : अनवरगंज-फर्रुखाबाद रूट पर मंधना के पास पटरी को काटकर ट्रेन को डिरेल करने की साजिश रची गई थी। मौके से जांच टीम को लोहा काटने वाली आरी भी बरामद हुई थी।
- 19 अप्रैल 2019 : दिल्ली हावड़ा रूट पर रूमा स्टेशन के पास पूर्वा एक्सप्रेस के 15 कोच बेपटरी हो गए थे। हादसे में 100 लोग से ज्यादा घायल हो गए थे।
- 17 अगस्त 2024 : पनकी थानाक्षेत्र में गोविंदपुरी और भीमसेन के बीच में ट्रैक पर पटरी को कसकर साबरमती एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश रची गई। इस घटना में 22 कोच डिरेल हुए थे।
- 9 सितंबर 2024 : शिवराजपुर थानाक्षेत्र में मुडेरी क्रासिंग के पास फर्रुखाबाद रूट के बर्राजपुर-बिल्हौर स्टेशन के बीच में कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने के लिए ट्रैक पर भरा एलपीजी सिलेंडर रखा गया।

# बारिश में साक्ष्य मिटने का अंदेशा

**कानपुर।** रुक-रुक कर हो रही बारिश की वजह से मौके पर साक्ष्य मिटने का अंदेशा जताया जा रहा है। जो संदिग्ध लोग मौके पर रुके थे, उनके न तो फुट प्रिंट मिल सके हैं और न ही कोई और निशान। दरअसल घटनास्थल से आसानी से ये चीजें फोरेंसिक और जांच कर रही टीम को मिल सकती थीं लेकिन रविवार देर रात से सोमवार शाम तक रुक रुककर हो रही बारिश ने सारे निशान मिटने की पूरी आशंका है। रही सही कसर क्राइम सीन पर पहुंचे लोगों ने और गाड़ियों के धुएं ने पूरी कर दी। न तो साजिशकर्ताओं की गंध मिल पाई और न ही किसी विस्फोटक की। सुबह से लेकर देर शाम तक रेलवे-पुलिस अफसरों का रेला मौके पर उमड़ा।

# दुर्गम स्थानों पर ही हुई दोनों साजिशें

कार्यालय संवाददाता, शिवराजपुर/कानपुर

- **रेकी करके स्थान चुनने की आशंका**

**अमृत विचार।** साबरमती और कालिंदी एक्सप्रेस, दोनों ट्रेनों को जिस जगह पलटाने की साजिश की गई, वो जगह दुर्गम हैं। यहां आम रास्ता नहीं है और न ही आवागमन होता है। सन्नाटे वाली जगह देखकर ही यहां अराजकतत्वों ने ट्रेन पलटाने की साजिश रची। खुफिया एजेंसियां यह आशंका जता रही हैं कि ट्रेन को पलटाने की साजिश में कई दिन से इस जगह की रेकी की जा रही थी।

शिवराजपुर थाने से तकरीबन तीन किमी पर टोल प्लाजा स्थित है। टोल से पहले बाएं हाथ मुडेरी क्रासिंग के लिए रास्ता कटा है। जहां पर दो गांव मुडेरी और सानिवादा गांव स्थित हैं। इस संपर्क मार्ग पर पहले से आवागमन होता था। लेकिन टोल बनने के बाद कोई वाहन उधर से न निकल जाए इस कारण उसे पूर्णतया बंद कर दिया गया। काफी समय से यह सर्विस रोड अब सन्नाटे में पड़ी रहती है। क्रासिंग से कुछ दूरी पर भरे एलपीजी सिलेंडर से कालिंदी एक्सप्रेस टकराई थी। जिस स्थान पर वह टकराई वहां पर किसी का आना-जाना नहीं है। रास्ता बंद होने की जानकारी भी आसपास के गांव के लोगों को है। इसके बाद झाड़ियों के बीच से होकर जाने में किसी की रात छोड़िए दिन में किसी की हिम्मत नहीं होगी।

वहीं पनकी थानाक्षेत्र में भी साबरमती एक्सप्रेस को पिछले माह सुनसान वाले स्थान पर साजिशकर्ताओं ने पलटाने का षडयंत्र रचा था। जिस स्थान पर यह घटना हुई वहां आसपास पनकी का औद्योगिक क्षेत्र है। जहां कंपनी के अंदर सुबह वर्कर चले जाते हैं, वहीं शाम को ही निकलते हैं।

जिस जगह हादसा हुआ था वहां आम आदमी का पहुंचना मुश्किल भरा है।

साजिशकर्ताओं ने दोनों घटनाओं में ऐसे दुर्गम रास्ते को पकड़ा जहां जल्द से जल्द बड़ी अनहोनी होने पर यात्रियों को मदद न पहुंच सके। पुलिस के भरोसेमंद सूत्रों ने बताया कि इससे पहले भी जो घटनाएं शहर व आउटर में हुईं वहां पर भी दुर्गम रास्तों का इस्तेमाल साजिशकर्ताओं ने किया।

## आज का मौसम

गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

34.8° अधिकतम तापमान | 26.4° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:52 | सूर्यास्त 06:18

## शहर में आज

- **बैठक :** क्षेत्रीय पदाधिकारियों की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय केशव नगर नौबस्ता में, दोपहर 3 बजे।
- **प्रदर्शनी :** पीएम विश्वकर्मा प्रदर्शनी-सह ट्रेड फेयर का उद्घाटन, एमएसएमई विकास कार्यालय, फजलगंज सुबह 10 .30 बजे।
- **लोकार्पण :** युग दधीचि देहदान संस्थान द्वारा स्किनबैंक की कार्य योजना का लोकार्पण, मेडिकल कॉलेज के एलटीवन हाल में शाम 3 .30 बजे।
- **व्याख्यानमाला :** ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज जवाहर नगर में व्याख्यानमाला, सुबह 10 .45 बजे।
- **बैठक :** शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर द्वारा सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव की तैयारी बैठक, सम्राट गेस्ट हाउस, 80 फिट रोड, शाम 4 बजे।

### 23 सितंबर तक भरें हज फार्म

**कानपुर।** 2025 में हज आवेदकों के लिए हज कमेटी आफ इंडिया ने हज फार्म भरने की तारीख बढ़ाकर 23 सितंबर कर दी है। हज कमेटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लियाकत अली ने ये जानकारी दी।

# एनआईए, आईबी और एटीएस जांच में जुटीं

## कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश का मामला, अफसरों ने घटनास्थल देखा, आस-पास गांवों में की पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, शिवराजपुर/कानपुर।

**अमृत विचार।** बर्राजपुर-बिल्हौर स्टेशन के बीच रविवार रात ट्रैक पर सिलेंडर रखकर कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश के बाद सोमवार सुबह एनआईए, आईबी की टीम, एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। इनके अलावा कई जांच एजेंसियां ने घटनास्थल से लेकर आसपास इलाके में जांच की। बरेली मंडल के सहायक सुरक्षा आयुक्त पवन श्रीवास्तव भी रेलवे के अधिकारियों के साथ पहुंचे और जांच की। शाम को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार भी मौके पर पहुंचे।

रविवार रात करीब आठ बजे कालिंदी एक्सप्रेस कानपुर से छूटी थी। रात 8.37 बजे ट्रेन फर्रुखाबाद रूट के बर्राजपुर-बिल्हौर स्टेशन के बीच स्थित मुडेरी गांव की क्रासिंग के पास पहुंची थी कि तभी ट्रैक पर रखे एलपीजी सिलेंडर से टकरा गई थी। तेज रफ्तार ट्रेन भरे सिलेंडर से टकराई तो तेज धमाका हुआ था। इसके बाद लोको पायलट ने ट्रेन रोककर गार्ड, गेटमैन और अफसरों को सूचना दी थी। घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त सिलेंडर के अलावा बोतल में भरा पेट्रोल और झोले में संदिग्ध पाउडर भी मिला था। जिसके बारूद होने का अंदेशा है।

सोमवार सुबह एनआईए, आईबी, एटीएस समेत कई जांच एजेंसियों ने जांच की और सुबूत जुटाए। ट्रैक से भरा सिलेंडर के अलावा बोतल में पेट्रोल, माचिस, एक मिठाई का डिब्बा और झोला मिला था। झोले में बारूद जैसा पदार्थ पाया गया।


घटनास्थल पर जांच करते पुलिस और रेलवे के अधिकारी। अमृत विचार


एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी ने की छानबीन। अमृत विचार


इसी सिलेंडर से टकराई थी ट्रेन।

### आस-पास के गांवों में जांच शुरू

**कानपुर।** पश्चिमी जोन की खुफिया टीम ने एसटीएफ के साथ घटनास्थल से 5 किलोमीटर के आसपास के सभी गांवों में अपना सर्च ऑपरेशन जारी रखा। गांव में बीते 4 से 5 दिन पहले किन बाहरी व्यक्तियों का आना हुआ है उन व्यक्तियों के बारे में विस्तारपूर्वक ग्रामीणों से पूछताछ की है। गांवों में चार-पांच दिनों पहले क्या कार्यक्रम हुए और किन-किन बाहरी व्यक्तियों का आना हुआ है, उनके भी बारे में जानकारी जुटा रहे हैं।

### पुलिस के रडार पर जमाती भी

पुलिस ने इलाके के जमातियों को भी रडार पर लिया है। डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पास में एक मजार है। वहां देश भर से जमाती आते हैं। आने वाले जमातियों की जांच की जा रही है। हालांकि, अभी तक यह किसी बदमाश का ही काम लग रहा है। लेकिन जमातियों को भी जांच के दायरे में रखा गया है। फोरेंसिक जांच में बोतल में मिले पदार्थ में ज्वलनशील पदार्थ की पुष्टि हुई है।

> घटनास्थल पर गहनता से जांच पड़ताल की गई है। सभी पहलुओं पर हम लोग जांच कर रहे हैं।
>
> **-नीलाब्जा चौधरी, आईजी एटीएस**

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अलग-अलग छह टीमों का गठन किया गया है। जिन्होंने लखनऊ से चार, बिल्हौर से चार और आसपास इलाकों से कुल दो हिस्ट्रीशीटरों समेत 28 लोग उठाए हैं। जिनसे अलग-अलग टीमें पूछताछ कर रही हैं।

दोपहर में डॉग स्क्वॉयड की टीम भी पहुंची। पुलिसकर्मी उसे घटनास्थल पर ले गए जहां पर ट्रेन से टकराने के बाद सिलेंडर गिर गया था। वहां पर उसने सूंघा और इसके बाद वह सीधा पास के टोल प्लाजा की बंद सर्विस रोड की तरफ 200 मीटर भागा। इसके बाद फिर से घूम कर आया और झाड़ियों के पास चला गया। जहां से पीछे कंठीनिवादा गांव बसा है। डॉग स्क्वॉयड यहां से फिर से सूंघता हुआ खेतों से होता हुआ टोल पर हाईवे पर स्थित एक भोजनालय पहुंचा। यहां उसने काफी देर तक लोगों को सूंघा इसके बाद वापस आ गया।

## हेड कांस्टेबल को रिश्वत लेते विजिलेंस टीम ने दबोचा

**कानपुर।** किदवई नगर थाने में दर्ज एससी-एसटी, मारपीट, गाली गलौज के मुकदमें में प्रगति के नाम पर घूस ले रहे एसीपी बाबूपुरवा कार्यालय में तैनात हेड कांस्टेबल को विजिलेंस टीम ने दबोच लिया।

जूही लाल कॉलोनी, रामलाल का तालाब निवासी रिंकू पासवान ने किदवई नगर थाने में 15 जुलाई 2024 को मोना कश्यप, राजा कश्यप, समीर और राज की पत्नी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट, मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले की जांच एसीपी बाबूपुरवा कर रहे थे। आरोप है कि हेड कांस्टेबल शहनवाज खान व योगेश कुमार ने मुकदमें में प्रगति के लिए पीड़ित से 20 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। 15 हजार में सौदा तय हुआ था। जिसके बाद रिंकू ने मामले की शिकायत विजिलेंस विभाग में दी। टीम ने घूसखोर कांस्टेबल को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। तय योजना के अनुसार सोमवार को विजिलेंस टीम रिंकू के साथ एसीपी बाबूपुरवा कार्यालय पहुंची। रिंकू ने कार्यालय में 15 हजार रुपये हेड कांस्टेबल शहनवाज को दिए। घूस लेते ही विजिलेंस ने शहनवाज को पकड़ा और उसके केमिकल से हाथ धुलाए तो हाथों से रंग छूटने लगा। एसपी विजिलेंस ने बताया कि हेड कांस्टेबल पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सीयूईटी की तैयारी में मदद करेगा आईआईटी का एप 'साथी'

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईआईटी ने छात्रों को प्रवेश परीक्षा की मुफ्त कोचिंग देने के लिए एप किया लांच
- जेई, नीट, एसएससी, की तैयारी के लिए पहले से काम कर रहा है साथी पोर्टल

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर ने केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए 'साथी सीयूईटी' प्लेटफॉर्म एप सोमवार को लांच कर दिया। इस एप के जरिए छात्रों को प्रवेश परीक्षा के लिए मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। इससे पहले संस्थान ने जेईई, नीट, आईबीपीएस, एसएससी और आईसीएआर जैसी परीक्षाओं के लिए 'साथी' पोर्टल लांच किया था।

'साथी सीयूईटी' में कई तरह के मॉक टेस्ट शामिल हैं, जिससे छात्र देश भर में अपने साथियों के मुकाबले अपने प्रदर्शन का आकलन कर सकते हैं। इस एप से ग्रामीण और दूरदराज इलाकों के परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को सबसे अधिक लाभ होगा। संस्थान का दावा है कि इस एप में अनुभवी विशेषज्ञों के जरिए बेहतर नोट्स बनाए जा सकेंगे। इस प्लेटफ़ॉर्म में प्रसिद्ध फैकल्टी के रिकॉर्ड व्याख्यान, विषय विशेषज्ञों के साथ इंटरैक्टिव लाइव सत्र और अभ्यास प्रश्नों का व्यापक संग्रह शामिल है। यह छात्रों की प्रगति की निगरानी करने और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने के लिए 'एआई-संचालित' विश्लेषण का उपयोग किया गया है। संस्थान के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल ने कहा कि 'साथी सीयूईटी' की शुरूआत हर छात्र के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ बनाने के संस्थान के निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। सीयूईटी की तैयारी के लिए विशेष संसाधन प्रदान करके, हमारा उद्देश्य छात्रों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने और अपने चुने हुए क्षेत्रों में सफल होने के लिए आवश्यक उपकरणों से सशक्त बनाना है। परियोजना के प्रधान अन्वेषक प्रोफेसर अमेय करकरे ने कहा कि 'साथी सीयूईटी' उम्मीदवारों की अनूठी जरूरतों को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है।

## प्रशासनिक अधिकारी ने लगाया आरोप

**कानपुर।** डफरिन अस्पताल में तैनात प्रशासनिक अधिकारी ने प्रमुख अधीक्षक (एसआईसी) डॉ.सीमा श्रीवास्तव पर आरोप लगाया है कि उन्होंने किसी प्रशासनिक कार्य का दायित्व नहीं सौंपा है। उन्होंने प्रमुख अधीक्षक से कहा है कि कार्यालय में लिपिक संवर्ग के कार्यों का आवंटन परिपत्र व कार्यालय ज्ञापन के अनुसार नहीं किया गया है, जो नियम विरुद्ध है।

एक जुलाई को डफरिन अस्पताल में प्रशासनिक अधिकारी के तौर पर डॉ.शैलेंद्र कुमार सिंह की तैनाती की गई थी। लेकिन उनका आरोप है कि तैनाती के दो माह नौ दिन बाद भी प्रमुख अधीक्षक ने कोई काम नहीं सौंपा है।

कार्यालय में सभी लिपिक तथा संविदा कर्मी उससे परीक्षण कराए बिना ही पत्र, आदेश, आपूर्ति आदेश व लेखा अनुभाग के कार्य तथा एनएचएम से संबंधित पत्रावली सीधे प्रमुख अधीक्षक के सामने प्रस्तुत करते हैं।

# पार्षद ने अपने पैसे से इंटरलाकिंग कराई

अभिषेक वर्मा, कानपुर

- नानकारी के पार्षद ने जनता के घेरने और तंज कसने पर अपनी जेब से कराया काम
- आरोप, पार्षद निधि के अलावा वार्ड में एक धेला का काम नहीं, रोज लगा रहे चक्कर

**अमृत विचार।** इलाके में सड़क, नाली, फुटपाथ, मार्ग प्रकाश और पानी-सीवर से जुड़ी समस्याओं से परेशान जनता पार्षदों को घेर रही है, लेकिन अधिकतर पार्षद नगर निगम और जलकल में काम की फाइल बनवाने या उसे मंजूर कराने के लिए चक्कर काट रहे हैं। ऐसे ही मामले में वार्ड 27, नानकारी के पार्षद सुनील कुमार पासवान ने अपनी जेब से इंटरलाकिंग और नाली का निर्माण कराकर सिस्टम को आईना दिखाने का काम किया है। दोनों काम पर पार्षद ने भले ही महज 15 हजार रुपये खर्च किए हों लेकिन उनका यह प्रयास नगर निगम की हकीकत बयां करने के लिए काफी है।

पार्षद सुनील कुमार पासवान निर्दलीय चुनाव जीतने के बाद भाजपा में शामिल हो गए थे। उनका वार्ड नानकारी बाहरी क्षेत्र में स्थित होने से सोसायटी और ग्राम क्षेत्र से जुड़ा है। इस कारण यहां सड़क, पानी, सीवर, फुटपाथ जैसी लेकर मूलभूत नागरिक समस्याएं चरम पर हैं। पार्षद ने बताया आईआईटी गेट से लगी बंबा रोड एक किलोमीटर तक खस्ताहाल है। पूर्व पार्षद प्रमोद पांडेय के घर से शराब ठेके तक 500 मीटर सड़क खराब है। इन सड़कों के साथ 12 अन्य सड़कें ठीक कराने के लिए नगर निगम को पत्र लिखा है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। नानकारी में प्रमोद शर्मा के घर के पास केस्को ने बिजली के खंभे लगाने के लिए सड़क खोदकर छोड़ दी थी। चंदेल गेट पर रामू सिंह के घर के पास 10 फीट नाली तोड़ डाली थी। बरसात में पानी भर रहा था। जनता रोज घर घेर रही थी। नगर निगम में सुनवाई नहीं हुई तो खुद धन का बंदोबस्त कर सड़क व नाली का काम कराया है।


नानकारी में पार्षद ने कराई इंटरलाकिंग। अमृत विचार

### 6 पुलिया क्षतिग्रस्त, नालियां ध्वस्त पर फाइल रुकी पड़ीं



वार्ड में 6 पुलिया और नालियां क्षतिग्रस्त हैं। मरम्मत के लिए 5.46 लाख की फाइल बनी है, लेकिन मंजूरी नहीं मिली है। रोज चक्कर काट रहे हैं। जब से पार्षद बना हूं, पार्षद निधि के अलावा क्षेत्र में एक धेला का काम नहीं हुआ है

**- सुनील कुमार पासवान, पार्षद, वार्ड 27 नानकारी**

# जेके कैंसर संस्थान में हो सकेगी बायोप्सी

**कानपुर।** जेके कैंसर संस्थान में अब कैंसर रोगियों को बायोप्सी कराने के लिए मेडिकल कॉलेज या निजी संस्थानों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। यहां बायोप्सी सुविधा शुरू होगी।

रावतपुर स्थित जेके कैंसर संस्थान में प्रतिदिन दो से ढाई सौ मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमे से कई को बायोप्सी कराने की जरूरत होती है। वर्तमान में यहां यह सुविधा नहीं है। मरीजों को बायोप्सी के लिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, या निजी पैथोलाजी में जाना पड़ता है। अब संस्थान प्रबंधन ने यहां पर बायोप्सी जांच की सुविधा के संबंध में तैयारी शुरू कर दी है। तीन साल पहले तक संस्थान में ये जांच होती थी। जांच की जिम्मेदारी पीओसीटी एजेंसी को देने की बात चल रही है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह ने बताया कि एजेंसी मैन पॉवर और उपकरण निशुल्क देती है।

### कई मरीज बाहर से बायोप्सी कराकर आते

जेके कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. एसएन प्रसाद ने बताया कि कई मरीज बाहर से ही बायोप्सी जांच कराकर संस्थान में आते हैं। औसत आठ सैंपल प्रतिदिन बायोप्सी जांच के लिए मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग में भेजे जाते हैं। पीओसीटी एजेंसी के काम शुरू करने पर जांच यहीं होगी। पैथोलॉजी लैब में जांच के सारे उपकरण उपलब्ध हैं।

## एपी फैनी के मामले में एसआईटी गठित

**कानपुर।** अरबों की एपी फैनी जमीन को बेचने के मामले की जांच अब एसआईटी करेगी। पुलिस कमिश्नर ने एसआईटी ने नौ सदस्य शामिल किए हैं।

नौ सदस्यीय टीम में डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी, डीसीपी मुख्यालय एवं अपराध आशीष श्रीवास्तव, एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार, एडीसीपी एलआईयू राजेश कुमार श्रीवास्तव, एसीपी कर्नलगंज तेजबहादुर सिंह, प्रभारी निरीक्षक कर्नलगंज रविंद्र श्रीवास्तव, अतिरिक्त निरीक्षक कर्नलगंज दुर्गावती, चौकी प्रभारी रोडवेज कर्नलगंज विशेष कुमार, ईदगाह चौकी प्रभारी अभिसार सिंह को शामिल किया गया है। डीसीपी सेंट्रल के अनुसार अरबों की जमीन की गहनता से जांच करने के बाद रिपोर्ट सौंपी जाएगी। उनके अनुसार एपी फैनी कंपाउंड की करीब 10 अरब की जमीन को कुछ लोगों ने अवैध तरीके से प्लॉटिंग करके बेच दिया था। मिशनरी की इंस संपत्ति की लीज खत्म होने के बाद अब यह नजूल यानी सरकारी संपत्ति हो गई है।

# रंगदारी में अवनीश को जमानत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा थाने में रंगदारी वसूलने के मामले में दर्ज मुकदमे में सोमवार को प्रभारी सीजेएम की कोर्ट ने अवनीश दीक्षित की जमानत याचिका मंजूर कर ली है।

जरौली फेस दो निवासी देशी शराब ठेका संचालक दीपू द्विवेदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अवनीश ने ढाई महीने पहले उन्हें फोन कर गुलाबी बिल्डिंग बुलाया, जहां कुछ पत्रकार भूपेंद्र सिंह, अभिषेक शर्मा युवा, सलभ जायसवाल खड़े थे। अवनीश ने उनसे 25 हजार रुपये मांगे, पैसे न देने पर धमकाया था। पीड़ित ने बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अवनीश के अधिवक्ता की ओर से जमानत अर्जी दाखिल की गई। प्रभारी सीजेएम आशीष कुमार सिंह की कोर्ट में सुनवाई के दौरान अवनीश की जमानत याचिका मंजूर कर ली।

### नीरज अवस्थी की जमानत पर फैसला सुरक्षित

लाल कॉलोनी निवासी राबिया बेगम ने जमीन कब्जाने के प्रयास में प्रेस क्लब के पूर्व उपाध्यक्ष नीरज अवस्थी, मुंतजिर अंसारी के खिलाफ किदवई नगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने नीरज व मुंतजिर अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपियों ने एडीजे-6 कमलेश कुमार पाठक की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। सोमवार को मामले में सुनवाई की गई। कोर्ट ने बहस के बाद नीरज व मुंतजिर की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित किया।

**जनसंपर्क** | आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने सीसामऊ उप चुनाव को लेकर रायपुरवा मंडल में किया जनसंपर्क

# मंत्री ने कुंडी खटखटाई, जनता समस्याएं बताने आई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीति भी बनाई

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री व सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव के प्रभारी नितिन अग्रवाल ने सोमवार को रायपुरवा मंडल में आने वाले दुल्ली मल्ली, देवीदीन का हाता तथा पारस नाथ यादव हाता में घर-घर दस्तक देकर हाल-चाल पूछा तो लोग समस्याएं बताने में जुट गए। इस पर उन्होंने मौके से ही नगर आयुक्त और जिलाधिकारी को फोन कर जनता की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने भाजपा जिलाध्यक्ष दीपू पांडे व जनप्रतिनिधियों के साथ चमनगंज प्लॉट नंबर 4 में दिलीप अवस्थी के घर पर बुद्धिजीवियों के साथ चर्चा में कहा कि अधिवक्ता, शिक्षक और डॉक्टर समाज का आईना हैं, इन्हें भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों से जोड़ना है।

इसके बाद में उन्होंने थाना चमनगंज के बगल में स्थित वाल्मीकि बस्ती में घर-घर संपर्क किया। टेनरी के हाते में किशन लाल सुदर्शन के साथ दलित समाज व हीरागंज व्यापार मंडल की बैठक की। इस दौरान सांसद रमेश अवस्थी, महापौर प्रमिला पांडे, रघुनंदन भदौरिया, अनूप अवस्थी, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा, मंडल अध्यक्ष गौरव पांडे, पार्षद अंकित मिश्रा, आकर्ष बाजपेई, कमल तिवारी, अनन्त मिश्रा, राजकिशोर तिवारी शामिल रहे।



बैठक को संबोधित करते आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल। अमृत विचार

### व्यापारी नेताओं का किया सम्मान

आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने जेएस रेजीडेंसी गेस्ट हाउस में मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु सक्सेना और संजय अग्रवाल के संयोजन में सीसामऊ विधान सभा के सभी व्यापार मंडलों के अध्यक्षों की बैठक में कहा कि मेरी भी पारिवारिक पृष्ठभूमि व्यापारिक है, इस कारण आपकी पीड़ा भलीभांति समझता हूं। व्यापार तभी आगे बढ़ेगा जब कानून व्यवस्था अच्छी होगी, प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में सलिल विशनोई मौजूद रहें।

# बरसात खत्म होते ही होगा सड़कों पर पैचवर्क

**कानपुर।** बरसात खत्म होते ही शहर की मुख्य सड़कों पर पैचवर्क शुरू हो जायेगा। नगर निगम लगभग 70 छोटी-बड़ी सड़कों पर पैचवर्क करने के लिये 18 सितंबर को टेंडर कराने जा रहा है। लगभग 7 करोड़ रुपये से यह पैचवर्क कराया जायेगा। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार इस माह के अंत तक कार्य को शुरू करा दिया जायेगा।

ईदगाह से ब्रह्म नगर चौराहे तक नगर निगम 5.28 लाख रुपये से पैचवर्क कराएगा। कालपी रोड से ज्वाला देवी चौराहे तक व आनंद बाग में 10 लाख रुपये से हॉटमिक्स प्लांट से सड़क का पैचवर्क होगा। मोतीझील के आसपास टूटी सड़कों से भी लोगों को निजात मिलेगी। केडीए ऑफिस से शिवाजी गेट तक व तुलसी उपवन से नगर निगम प्रेस तक हॉटमिक्स प्लांट पैच द्वारा सड़क सुधार होगा। यह कार्य 6.17 लाख रुपये से होगा। कोका कोला चौराहा से अमर जवान चौक होते हुये श्यामा प्रसाद मुखर्जी तक पैच द्वारा सड़क का सुधार कार्य होगा। तिलक नगर में नगर निगम 5 लाख रुपये से पैचवर्क कराएगा। पुराना कानपुर में करबला से कंपनी बाग चौराहा तक लगभग 8 लाख रुपये से पैचवर्क के जरिये सड़कों के गड्ढे भरेंगे। शनिदेव मंदिर से ग्वालटोली चौराहा तक, जेके जूट मिल कालपी रोड से कमला क्लब तक, सब्जीमंडी चौराहे से बर्रा बाईपास, जूही परमपुरवा, कबाड़ी मार्केट से संत नगर चौराहे, सीटीआई से नंदलाल चौराहा समेत 70 छोटी बड़ी सड़कों का सुधार किया जायेगा। मुख्य अभियन्ता सैय्यद फरीद अख्तर जैदी के अनुसार टेंडर होते ही पैचवर्क शुरू होगा।

## शोहदे की छेड़खानी से तंग युवती का बाहर निकलना बंद

**कल्याणपुर।** पनकी थानाक्षेत्र के रतनपुर निवासी युवती को पिछले कुछ दिनों से आते जाते एक युवक परेशान कर रहा है। आरोप है, कि शोहदा युवती को देख अश्लील फब्तियां करता है। साथ ही व्हाट्सएप और वीडियो कॉल के जरिए उससे अश्लील बातें करता है।

इतना ही नहीं युवती के विरोध करने व पुलिस से शिकायत करने की बात पर शोहदा उसे परिवार समेत जान से मारने की धमकी दे रहा है। जिससे भयभीत युवती ने पुलिस को तहरीर देने की बजाय घर से निकलना ही बंद कर दिया है। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के संबंध में जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर आरोपित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### फ्लैट की तीसरी मंजिल पर मिला नर कंकाल

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र एल्डिको कॉलोनी के पीछे खाली पड़े फ्लैट की तीसरी मंजिल पर लगभग आठ माह पुराना नर कंकाल पड़ा मिला। पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कल्याणपुर में केडीए ने एल्डिको के पीछे जवाहरपुरम योजना विकसित की है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में फ्लैट खाली पड़े हैं। सोमवार को जीने का दरवाजा खुला देख फ्लैट की तीसरी मजिल पर पहुंचे गार्ड ने वहां एक नर कंकाल पड़ा देख मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर फील्ड यूनिट टीम के साथ पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि नर कंकाल के ऊपर सर्दियों के कपड़े जैकेट व जींस होने से आशंका है कि सर्दी के मौसम में उसकी मौत हुई होगी। यहां कोई आता-जाता नहीं है इसलिए किसी को इसका पता नहीं चला। कपड़ों की जेब से कोई कागज प्राप्त न होने के चलते नर कंकाल की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### आयुर्वेदिक कर्मियों को नहीं मिला अगस्त माह का वेतन

**कानपुर।** आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अगस्त माह का वेतन अभी तक नहीं मिलने से आक्रोशित हैं। सोमवार को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राम सरन माथुर व मंत्री मिश्रीलाल के नेतृत्व में कर्मचारियों का शिष्टमंडल क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ .मनोज वर्मा से मिला। संघ के संरक्षक बीएल गुलाबिया ने बताया कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट आदेश है कि माह के प्रथम दिन तक वेतन भुगतान किया जाए। इस मौके पर रामसरन माथुर, मिश्रीलाल, मनोज कुमार सिंह, नंदराम, विजय कुमार, रानी देवी, सीमा देवी, चंद्रशेखर शामिल रहे।

भौंती, पनकी, श्याम नगर, यशोदा नगर में हाईवे के किनारे शिफ्ट हो रहे ट्रांसपोर्ट कारोबारी

# वोट बैंक होते तो नेता हमारी भी सुनते पलायन करने को मजबूर नहीं करते

ट्रांसपोर्ट नगर की दुर्दशा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ट्रांसपोर्टर्स को मलाल है कि अगर वे वोट बैंक होते तो जनप्रतिनिधि नजरअंदाज नहीं करते। ट्रांसपोर्ट नगर की दुर्दशा से कारोबार चौपट होने के चलते कारोबारी पलायन के लिए मजबूर हैं। बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्टर्स भौंती, पनकी, यशोदा नगर, श्याम नगर समेत विभिन्न क्षेत्रों में हाईवे किनारे अपना नया गोदाम और कार्यालय खोल रहे हैं।

ट्रांसपोर्ट नगर में कुछ सड़कें आरसीसी बनाई गई हैं, लेकिन ऐसी सड़कें ट्रांसपोर्टर्स की मुसीबत और बढ़ा रही हैं। सड़कें ऊपर हो गई हैं और ट्रांसपोर्ट के गोदाम नीचे हैं। सड़क के दोनों ओर कोई नाली नहीं बनाए जाने से सीवर और जल भराव गोदामों तक पहुंच जाता है।

**बिजली के तार नीचे, लग रही आग:** सड़कों को ऊंचा करने से बिजली के तार नीचे हो गए हैं, ऐसे में कई स्थानों पर जब माल उतारने के लिए पल्लेदार ट्रक पर चढ़ते हैं तो झूलते और ढीले बिजली के तारों से हादसे की आशंका बनी रहती है। अक्सर इन बिजली के तारों में टकराव होने से चिंगारियां छूटती हैं। आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं।



ट्रांसपोर्ट नगर में बजबजा रहा कूड़ा। अमृत विचार

### क्या बोले ट्रांसपोर्टर्स



ट्रांसपोर्ट नगर में हाउस टैक्स का खेल भी निराला है, किसी की तीन मंजिल की बिल्डिंग का 15,000 रुपये टैक्स आया है, किसी का सिर्फ प्लाट है तो उसका हाउस टैक्स 20,000 है। कोई मानक नहीं है जिसका जितना समझा, टैक्स भेज दिया।

नयन गुप्ता



ट्रांसपोर्ट नगर उपेक्षा का शिकार है, 100 फिट-150 फिट की जो सड़कें बनाई गई हैं, उनमें फुटपाथ का पता नहीं है, ट्रांसपोर्टर्स अपना धन खर्च करके सीवर चेंबर बनवाते हैं, जो जिम्मेदार हैं, वह हाथ खड़े कर देते हैं।

सौरभ सक्सेना



ट्रांसपोर्ट नगर में पानी की किल्लत है, सीवर लाइन का पता नहीं है, लेकिन टैक्स देना पड़ता है। क्षेत्र में यही नहीं पता है कि कौन सा कामर्शियल प्लाट या बिल्डिंग है और कौन रिहाइशी है। ऐसे में टैक्स आने पर लोग महीनों ठीक कराने के लिए परेशान होते हैं।

आदित्य त्रिपाठी



सड़क ऊपर है, गोदाम नीचे हैं, इससे माल बर्बाद हो जाता है। जिसका माल भीगता है, उसे भुगतना पड़ता है। गोदाम का गंदा पानी निकालने के लिए मशीन मंगाकर जूझना पड़ता है। गोदाम की सफाई अलग कराना पड़ती है, जिसमें कई दिन लग जाते हैं।

आकाश जिंदल



कई सड़कें ऐसी हैं जिसे ठेकेदार 7-8 महीने में भी नहीं बना पाया, निर्माण सामग्री ट्रांसपोर्ट नगर में फैली है जिससे जाम लगता है। इन्हीं आधी अधूरी सड़कों पर ट्रकें खड़ी करने का मजबूरी है क्योंकि चारों तरफ खोदकर छोड़ दिया गया है।

सफर अली



सड़कों पर मार्ग प्रकाश की व्यवस्था कर दी जाए तो करोड़ों रुपये के डीजल, वाहनों के पुर्जे, गोदामों के बाहर रखे माल की चोरी रुक जाए, ट्रांसपोर्टर्स ने अपने गोदाम के बाहर रोशनी का इंतजाम करके सीसीटीवी कैमरे लगवा रखे हैं।

विशाल मेहरोत्रा

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



मंदिर में प्रभु का अभिषेक किया गया। अमृत विचार

# पर्युषण पर्व पर अहंकार से बचने की दी गई सीख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म का बताया गया महत्व
- शांतिधारा से हुआ प्रभु का अभिषेक, गूंजे मंत्र

**अमृत विचार।** दिगंबर जैन समाज के पर्युषण पर्व (दस लक्षण धर्म पर्व) पर सोमवार को भक्तों को उत्तम मार्दव धर्म का महत्व बताया गया। मंदिरों में प्रभु का शांतिधारा से अभिषेक किया गया। इस दौरान मंत्रों के बीच माहौल भव्य हुआ। भक्तों को इस बीच अहंकार से दूर रहने की सीख भी दी गई।

आनंदपुरी मंदिर में सुबह सबसे पहले भगवान आदिनाथ, शांतिनाथ और पार्श्वनाथ का अभिषेक और शांतिधारा हुई। प्रथम शांति धारा अनिल जैन इंदौरवाले परिवार ने की। इसके बाद दूसरी शांतिधारा विवेक जैन, तीसरी राजीव जैन व महेंद्र कटारिया ने की। इसके बाद मंदिर में टीकमगढ़ से आए पंडित बृजेश जैन शास्त्री की ओर से जैन मुख्य ग्रंथ तत्वार्थसूत्र का वाचन हुआ। उन्होंने उत्तम मार्दव धर्म पर विशेष प्रवचन दिया। कहा कि मार्दव का अर्थ है मृदुता और उत्तम का अर्थ श्रेष्ठ होता है। जहां श्रेष्ठ मृदुता है वही मार्दव धर्म है।

मान के त्याग की चर्चा करना अत्यंत सरल है पर मान को छोड़ना अत्यंत कठिन है। इसकी सूक्ष्म कनिका आत्मा में बैठी रहती है। आंखों में पड़ी किरकिरी की तरह कष्ट पहुंचती रहती है। अहंकार कागज की नाव की तरह है जो एक दिन अवश्य ही ले डूबेगी। सारी महत्वाकांक्षाएं समाप्त हो जाएंगी।

यह अहंकार जेठ की दोपहरी है इसमें मात्र तपन है, नमन नहीं अभिमानी व्यक्ति के तो लोग बिना कारण बैरी बन जाते हैं। मंदिर में मुख्य रूप से शील चंद, महेंद्र कटारिया, डॉ अनूप जैन, विवेक जैन, अनिल जैन, सिद्धार्थ, राज कुमार अनूप जैन प्रदुम,संजय जैन सहित अन्य मौजूद रहे।



जापानी प्रतिनिधिमंडल ने दी जानकारी। अमृत विचार

# बिना ड्राइवर खेत जोतने वाला ट्रैक्टर दिखाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसए में जापान से आए विशेषज्ञों ने कृषि सुधार और उत्कृष्ट तकनीक पर चर्चा की

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए)में सोमवार को जापानी प्रतिनिधियों ने कृषि सुधार और उत्कृष्ट तकनीक का इस्तेमाल करने के लिए विशेषज्ञों से वार्ता के साथ ऐसे ट्रैक्टर का प्रस्तुतिकरण किया जो बिना ड्राइवर के खेतों की जुताई करने में सक्षम है।

कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में टोक्यो की इंक कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतोशी नेगामी ने ऑटोमेटिक ट्रैक्टर चालित रोटावेटर पेश करते हुए बताया कि यह बिना चालक के सीधी दिशा में चलता है। ट्रैक्टर मोड़ने के समय ही चालक की आवश्यकता होती है। ऐसे में चालक बिना थकान के अधिक समय तक कार्य कर सकता है। एक और जापानी कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हिरोशी योशिओका ने पॉलिथीन तकनीक का प्रस्तुतीकरण किया। जापान के प्रतिनिधियों ने सब्जी उत्कृष्टता केंद्र कल्याणपुर के भ्रमण के दौरान भविष्य में हाइड्रोपोनिक तकनीकी पर चर्चा की। इस तरह की जापानी तकनीकी आधारित इकाई में प्रगतिशील किसानों, युवाओं को रोजगार स्थापित करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। मित्साओ शिमादा, प्रसून अग्रवाल, फुयुकी वाटानेव, कोजी इशिकावा, सुशील यादव यामामोटा, अजुसा मिशिमा व रिकुटो तनाका सहित विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डा.पीके सिंह, निदेशक प्रसार डॉ आरके यादव, निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ विजय यादव, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ सीएल मौर्य, कुलसचिव डॉ पीके उपाध्याय, डॉ राम बटुक सिंह, डॉ मुनीश कुमार, डा राजीव मौजूद रहे।

# बिना मतदान के सभी पदाधिकारी निर्वाचित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (श्याम बिहारी गुट) का त्रिवार्षिक चुनाव सोमवार को आगरा में हुआ। इस दौरान व्यापार मंडल के सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। सर्वसम्मति से कई पदों पर पदाधिकारियों का मनोनयन भी किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के आठ पदों पर 12 नामांकन हुए थे। ऐसे में आठ पदों पर निर्विरोध निर्वाचित करने के साथ ही चार उम्मीदवारों को इस पद पर मनोनीत कर दिया गया। आठ के बजाय 12 पदों पर मनोनयन किया गया। प्रांतीय कार्यसमिति में राज्यसभा सदस्य, विधायक व पूर्व विधायक ने भी अपनी जगह बनाई हैं।

व्यापार मंडल की प्रदेश कार्यकारिणी में कानपुर के मुकुंद मिश्रा निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। इसके साथ ही कानपुर के गोविंद नगर से विधायक



मनोनीत पदाधिकारियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा। अमृत विचार

सुरेंद्र मैथानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने हैं। कानपुर के राजेंद्र शुक्ला का भी वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर मनोनयन हुआ है। युवा व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री संत मिश्रा ने बताया कि राज्यसभा सदस्य साधना सिंह, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, विधायक रामतीरथ सिंहल, पूर्व विधायक अशोक कंसल व पूर्व विधायक रविंद्र प्रताप मल्ल भी वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने। प्रदेश महामंत्री के पद पर बरेली के राजेंद्र गुप्ता और जालौन के डॉ. दिलीप सेठ को चुना गया। संयुक्त प्रदेश मंत्री के रूप में कानपुर से टीकमचंद्र सेठिया, बरेली से राजेश जसोरिया, कानपुर देहात के श्याम मोहन दुबे सहित 7 पदाधिकारियों ने जगह बनाई है। प्रदेश प्रचार मंत्री के पद पर मथुरा के देवीराम गर्ग व प्रयागराज के धमेंद्र बहादुर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में

- वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर 8 की जगह 12 पदों पर मनोनयन
- राज्यसभा सदस्य, विधायक व पूर्व विधायक भी प्रांतीय कमेटी में
- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (श्याम बिहारी गुट) का त्रिवार्षिक चुनाव

बरेली के संजीव चांदना सहित 21 पदाधिकारियों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। संगठन मंत्री के रूप में 30 नामों पर सहमति बनी है। इनमें बरेली के अतुल गर्ग, विपिन कुमार गुप्ता व लखनऊ के श्याम मिश्रा प्रमुख हैं। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य में बरेली के अनुज कुमार शुक्ला व दुर्गेश खटवानी सहित 9 को स्थान मिला है। कोषाध्यक्ष के रूप में कानपुर के राम किशोर मिश्रा व सह कोषाध्यक्ष के रूप में लखनऊ के धर्मपाल अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश मंत्री में 29 पदाधिकारियों का मनोनयन हुआ है।



भाजपा महिला मोर्चा ने राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य का सम्मान किया।

## मोबाइल से 100 सदस्य बनाएं

**कानपुर।** भाजपा उत्तर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज सिंह की अध्यक्षता में ओंकारेश्वर विद्यालय जवाहर नगर में हुई कार्यशाला में सदस्यता कार्यक्रम एवं सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव से संबंधित महिला मोर्चा पदाधिकारी शामिल हुईं। प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा और राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने कहा कि सदस्यता कार्यक्रम तीन चरणों में हो रहा है। सक्रिय कार्यकर्ता ही आने वाले समय में पदाधिकारी और चुनाव में प्रत्याशी बनाए जाएंगे। इसलिए सभी कार्यकर्ता सौ-सौ सदस्य अपने मोबाइल से जरूर बनाएं। तभी उनको सक्रिय सदस्यता मिलेगी। सीसामऊ उपचुनाव जीतने के लिए घर-घर जाकर अपना बूथ सबसे मजबूत संदेश चरितार्थ करना है। विधायक नीलिमा कटियार, कमलावती सिंह, पुष्पा तिवारी, जयंती वर्मा आदि रहीं।

हेल्थ अलर्ट — विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस आज, चुनौती बनती जा रही समस्या, खुदकुशी की घटनाओं में प्रदेश में शहर सबसे आगे

# तनाव, कलह व अकेलापन ले रहा सबसे ज्यादा जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश में कानपुर आत्महत्या के मामले में पहले स्थान पर है। इसके बाद मेरठ, आगरा, प्रयागराज व लखनऊ का नंबर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आत्महत्या एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या है। वैसे भी एक आत्महत्या कई और लोगों को गहराई से प्रभावित करती है या अक्सर मुश्किल में धकेल देती है। इसी कारण लोगों को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है।

मेरठ के एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज में आत्महत्या को लेकर की गई स्टडी के अनुसार प्रदेश में सबसे ज्यादा कानपुर में आत्महत्या की घटनाएं होती हैं। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग विभागाध्यक्ष प्रो.धनंजय चौधरी ने स्टडी के हवाले से बताया कि कानपुर में प्रति एक लाख आबादी पर आत्महत्या का आंकड़ा 16 है। इसके मुकाबले आगरा, मेरठ, प्रयागराज व लखनऊ में आंकड़ा 10 से अधिक है। अध्ययन के मुताबिक आत्महत्या करने में महिलाओं की तुलना में पुरुषों की संख्या अधिक है। 70 प्रतिशत पुरुष और 30 प्रतिशत महिलाएं सुसाइड करती हैं। महिलाएं हाथ-पैर की नस काटने या सिर दीवार से टकराकर सुसाइड का प्रयास अधिक करती हैं। एनसीआरबी के डाटा के अनुसार आत्महत्या के मामले प्रतिवर्ष पांच फीसदी बढ़ रहे हैं। प्रो.धनंजय चौधरी के अनुसार पारिवारिक कलह, संबंधों में मतभेद, अत्यधिक तनाव तथा गंभीर बीमारी से ग्रस्त लोगों के मन में कई बार आत्महत्या का ख्याल आता है। मानसिक स्थिति कमजोर पड़ने पर ऐसे लोग आत्मघाती कदम उठा लेते हैं। नशे की प्रवृत्ति, अकेलापन और बेरोजगारी जैसे कारण भी आत्महत्या के मामले बढ़ा रहे हैं।



आईएमए सभागार में जानकारी देते डॉ .मधुकर, डॉ.धनंजय, डॉ.अनुराग मेहरोत्रा व डॉ.क्षमा शुक्ला। अमृत विचार

### मानसिक स्वास्थ्य मजबूत कर आत्महत्याएं रोकें

आत्महत्या की रोकथाम के लिए मानसिक स्वास्थ्य का मजबूत होना बहुत जरूरी है। आत्महत्या के पीछे दूरगामी, सामाजिक, भावनात्मक और आर्थिक परिणाम होते हैं। आत्महत्या की रोकथाम और लोगों को ऐसा न करने के लिए जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर सोमवार को परेड स्थित आईएमए सभागार में प्रेसवार्ता में कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ.अनुराग मेहरोत्रा ने बताया कि वर्ष 2024-2026 के लिए विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की थीम आत्महत्या पर कथा बदलना, बातचीत शुरू करें और कार्रवाई का आह्वान रखी गई है। रामा मेडिकल कॉलेज के मनोचिकित्सा विभाग के प्रोफेसर व स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष डॉ. मधुकर कटियार ने बताया कि 15-29 वर्ष के बच्चों में मौत का तीसरा प्रमुख कारण आत्महत्या है। उन्होंने आत्महत्या की पहचान, उपचार और रोकथाम पर कई लघु फिल्में दिखाईं। डॉ. बृजेंद्र शुक्ला, डॉ.रवि कुमार, डॉ. धनंजय चौधरी डॉ. सौरभ लूथरा, कार्यवाहक सचिव डॉ. क्षमा शुक्ला ने भी जानकारी दी।

## लखनऊ में होगी एपेक्स ट्रामा सेंटर पर बैठक

**कानपुर।** हैलट अस्पताल में प्रस्तावित ट्रामा सेंटर के संबंध में 13 सितंबर को शासन स्तरीय बैठक लखनऊ में होगी। हैलट अस्पताल में करीब 18 जिलों से लोग इलाज कराने को आते हैं। जिस कारण हैलट इमरजेंसी से लेकर वार्ड तक मरीजों से भरे रहते हैं। ऐसे में यहां पर ट्रामा सेंटर की काफी जरूरत है, जिसका निर्माण हैलट परिसर में जीएसवीएसएस पीजीआई के बगल में किया जाएगा। ट्रामा सेंटर के लिए शासन से जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रशासन को करीब 350 करोड़ रुपये स्वीकृत हो गए हैं। निर्माण के संबंध में 13 सितंबर को लखनऊ में शासन स्तरीय बैठक होनी है। बैठक में पांच एजेंसी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी शामिल होंगे। वहीं, शासन स्तरीय अधिकारियों के सामने एजेंसियां अपना प्रेजेंटेशन देंगी।

## सार-संक्षेप

### सीएसजेएमयू कैंपस में शुरू हुईं मिड सेमेस्टर परीक्षाएं

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) परिसर में संचालित सभी 120 पाठ्यक्रमों की मिड सेमेस्टर परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गईं। चार शिफ्टों में आयोजित परीक्षा में 12 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। इसे लेकर परिसर में विशेष सतर्कता रही। कैंपस परीक्षा प्रभारी डॉ बीपी सिंह ने बताया कि सोमवार को प्रथम शिफ्ट में सातवें, दूसरी शिफ्ट में प्रथम, तीसरी शिफ्ट में तीसरे तथा चौथे शिफ्ट में पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा 14 सितंबर तक चलेंगी।

### नियुक्ति अभिलेख मांगने से प्रधानाचार्य आक्रोशित

**कानपुर।** 39 साल पुराने शिक्षकों व कर्मचारियों की नियुक्तियों के अभिलेख मांगे जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को प्रधानाचार्य परिषद ने अभिलेख मांगे जाने के आदेश का खुलकर विरोध करते हुए कहा कि यदि जल्द आदेश वापस नहीं हुआ तो संघर्ष के लिए तैयार हैं। प्रधानाचार्य परिषद की गोविंद नगर स्थित खालसा ब्वॉयज इंटर कॉलेज में हुई बैठक में 79 स्कूलों के प्रधानाचार्य शामिल हुए। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. गिरीश कुमार मिश्र ने कहा कि शिक्षा विभाग का स्कूलों को भेजा गया आदेश प्रधानाचार्यों को परेशान करने वाला है। तीन वर्ष पूर्व वेरीफिकेशन कराने के लिए सभी कार्यरत अध्यापकों एवं कर्मचारियों के प्रपत्र मांगे गए थे तो पुन: मांगने का कोई अर्थ नही है। मानव संपदा पर सभी रिकार्ड उपलब्ध है। मंडल अध्यक्ष नन्द किशोर मिश्र ने कहा कि इतने पुराने अभिलेख तलाशना आसान नहीं है। जिलाध्यक्ष डॉ. मनप्रीत सिंह, धर्मेन्द्र अवस्थी, डॉ. अजय कुमार पाठक ने भी विचार रखे। उधर, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर एसोसिएशन ने भी नियुक्ति पत्रावलियां विद्यालयों से मांगे जाने और हलफनामा दिए जाने, पत्रावली न दे पाने पर शिक्षकों कर्मचारियों का वेतन रोके जाने पर रोष जाहिर किया है। प्रदेश महामंत्री संतोष तिवारी ने कहा कि आदेश तत्काल वापस लिया जाए।



एसीएम को ज्ञापन देते रावतपुर के लोग। अमृत विचार

### जुलूस के रास्ते में अधूरा पड़ा नाला, लटक रहे तार

**कानपुर।** पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर होने वाले जश्ने चिरागां एवं जुलूस-ए-मोहम्मदी के पूर्व रोशन नगर, रावतपुर की समस्याओं को हल करायें। सोमवार को शहीद वीर अब्दुल हमीद सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन उ प्र के अध्यक्ष डॉ. निसार अहमद सिद्दीकी की अगुवाई में प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर ये मांगें कीं। अध्यक्ष ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश (जन्मदिन) के मौके पर सबसे बड़ा त्योहार ईद मिलादुन्नबी व जुलूस ए मुहम्मदी है। रोशन नगर में एकता चौराहा से चौधरी मेडिकल स्टोर तक नाले का निमार्ण अधूरा पड़ा है, जिससे क्षेत्र में जलभराव की स्थिति है। कई स्थानों पर बिजली के तार लटक रहे हैं जबकि कई स्थानों पर पेड़ों की छंटाई करने की जरूरत है। प्रह्लाद सिंह मार्केट से मसवानपुर रोड तक सड़क खराब है जिसका पैच वर्क कराया जाये। रावतपुर मसवानपुर, सैय्यद नगर, काकादेव, रोशन नगर हितकारी नगर शारदा नगर भी कई समस्याओं से जूझ रहा है। इस मौके पर इमरान खान एडवोकेट, महबूब आलम ,मोहम्मद राशिद, नदीम उद्दीन एडवोकेट, मोहम्मद फरदीन, शकील अंसारी एडवोकेट, अहमद रजा, नफीस ठेकेदार, मोहम्मद शारुख, इजीनियर अब्दुल हमीद आदि थे।




मोतीझील गेट पर विरोध प्रदर्शन करती महिला डॉक्टर। अमृत विचार

### महिला डॉक्टरों ने किया विरोध प्रदर्शन

**कानपुर।** कोलकता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी, इसके विरोध में सोमवार को कानपुर ऑब्स एंड गायनी सोसाइटी व फॉगसी ने कारगिल पार्क गेट (मोतीझील) पर विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जाहिर की। नौ सितंबर को जघन्य अपराध के 30 दिन हो गए हैं, लेकिन अभी तक सभी अपराधी पकड़े नहीं गए हैं और पीड़ित परिवार को पूर्ण रूप से न्याय नहीं मिल सका है। इस मौके पर डॉक्टरों ने देशभर में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए नए सिरे से उपाय और नीति बनाने की मांग की। अपराध में शामिल दोषियों को कठोर दंड की पैरवी की। इस दौरान डॉ .किरन पांडेय, डॉ .रेनू गुप्ता, डॉ .अनीता गौतम, डॉ .कल्पना दीक्षित, डॉ .रेशमा निगम समेत आदि डॉक्टर मौजूद रहीं।

# बिजली न आने से 50 हजार लोग परेशान

## वाहन की टक्कर से टूटे विद्युत पोल व बैक करंट से उपकेंद्र के जले उपकरण, 7 घंटे ठप रही आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** शासन के सख्त निर्देशों के बावजूद जिले में बिजली व्यवस्था बेपटरी है। जैनपुर में वाहन की टक्कर से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया और बैक करंट आने से उपकेंद्र में उपकरण जल गए, जिससे अकबरपुर नगर की लगभग पौने 7 घंटे बिजली गुल रही। जिससे करीब 50 हजार से अधिक आबादी को इस भीषण गर्मी में परेशान होना पड़ा।

अकबरपुर के औद्योगिक क्षेत्र जैनपुर में काफी फैक्ट्रियां हैं। साथ ही कानपुर-झांसी हाईवे है। ऐसे में हर रोज हजारों वाहनों का आवागमन होता है। हाईवे व औद्योगिक इकाईयों की सड़कों के किनारे ही विद्युत पोल लगे हैं। ऐसे में आए दिन वाहनों की टक्कर से पोल टूट जाते हैं और घंटों बिजली गुल रहती है। सोमवार को भी जैनपुर में सड़क किनारे किसी वाहन ने विद्युत पोल में टक्कर मार दी, जिससे पोल टूट गया और बैक करंट आने से विद्युत उपकेंद्र जैनपुर में अकबरपुर




- सन्नाटे में बैठे रहे दुकानदार गर्मी में हलकान होते रहे लोग

फीडर के कई इंसुलेटर आदि जल गए। इसके चलते सुबह करीब 11 बजे अकबरपुर नगर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लोग दोपहर से लेकर शाम तक उमस भरी गर्मी में बेहाल रहे। वहीं दुकानदार भी सन्नाटे में बैठे रहे। घरों में लगे इंवर्टर भी दगा दे गए। घंटों मरम्मत के बाद शाम करीब पौने छह बजे बिजली आपूर्ति दोबारा बहाल हो सकी। जैनपुर जेई रचित ने बताया कि किसी वाहन की टक्कर से विद्युत पोल टूटने की वजह से कई तार टूट गए थे और उपकेंद्र में भी उपकरणों को नुकसान हुआ था। मरम्मत कराकर विद्युत आपूर्ति सुचारू करा दी गई है।

## विद्युत ट्रांसफार्मर जलने से 300 घरों में पसरा अंधेरा

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** सटटी उपकेंद्र से जुड़े शाहजहांपुर कस्बे में मुगल रोड किनारे रखा 400 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर तेज धमाके साथ जल गया। जिससे करीब 3 सैकड़ा घरों की बिजली गुल हो गई। वहीं आए दिन ट्रांसफार्मर जलने से लोगों में रोष व्याप्त है।

शाहजहांपुर कस्बे में सटटी थाना के समीप रखे 400 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर सोमवार सुबह जल गया। कस्बे के गुडडन त्रिवेदी, गिरजाशंकर यादव, भवुअन त्रिपाठी, आशीष तिवारी, संतोष कुमार, आलोक, सरवन सिंह आदि ने बताया कि लोड अधिक होने के कारण आए दिन ट्रांसफार्मर में खराबी आती रहती है। कभी-कभी केबल जलने से बिजली आपूर्ति बंद हो जाती है। पिछले एक महीने से ट्रांसफार्मर में आए दिन फाल्ट होने से आपूर्ति ठप होने से लोगों को समस्या उठानी पड़ रही है। बिजली न आने के कारण सबसे अधिक समस्या पेयजल को लेकर होती है। लोगों का कहना है कि 250 केवीए का एक दूसरा ट्रांसफार्मर रखने पर समस्या दूर होगी। जेई रामशंकर वर्मा ने बताया कि फुंका हुआ ट्रांसफार्मर जल्द ही बदल दिया जाएगा।



शाहजहांपुर में विद्युत ट्रांसफार्मर उतारते विद्युत कर्मचारी। अमृत विचार

### लाइन ब्रेकडाउन होने से बिलबिलाए 16 हजार ग्रामीण

**रूरा।** 33 केवी लाइन ब्रेक डाउन होने के कारण रूरा उपखंड से जुड़े ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में करीब 16 हजार उपभोक्ताओं को सोमवार की सुबह 11 .45 बजे से दोपहर 2 .45 बजे तक तीन घंटे परेशान रहना पड़ा। इस दौरान लोग उमस भरी गर्मी में बिलबिलाते रहे। बिजली न मिल पाने से इंवर्टर भी दगा दे गए और समस्या से जूझना पड़ा। जेई नितिन उपाध्याय ने बताया की 33 केवी लाइन ब्रेक डाउन होने की वजह से बिजली आपूर्ति ठप हुई थी। मरम्मत के बाद सप्लाई दोबारा बहाल करा दी गई है।

## परचून की दुकान से नकदी व सामान चोरी

**रूरा।** थाना क्षेत्र के गदनपुर गांव में रात को चोरों ने एक परचून दुकान को निशाना बनाते हुए नकदी, मोबाइल व अन्य सामान पार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है।

गदनपुर के रहने वाले मेवालाल ने बताया कि उनकी गांव के किनारे परचून की दुकान है। रविवार की देर शाम वह दुकान बंद अपने घर चले गए थे। सोमवार की सुबह जब पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा पड़ा था और अंदर सामान बिखरा था। दुकान के अंदर गोलक में रखे 15 हजार रुपये, एक मोबाइल, बीड़ी-सिगरेट के पैकेट, दो बोरी लाही आदि सामान गायब थे। लोगों ने खोजबीन की तो पास के खेत में लाही, बीड़ी सिगरेट और अन्य सामान मिल गया, लेकिन नकदी, मोबाइल व अन्य सामान नहीं मिला। मौके पर एक साइकिल भी पड़ी मिली। जानकारी करने पर गांव के ही एक किशोर की साइकिल निकली। पीड़ित ने उसपर चोरी में शामिल होने का आरोप लगा कर चौकी में शिकायती पत्र दिया है। थाना प्रभारी राम गोविंद मिश्रा ने बताया कि मौके पर चौकी इंचार्ज सिठमरा अनिल यादव को जांच के लिए भेजा गया है।

## सार-संक्षेप



इंटरलॉकिंग निर्माण का उद्घाटन करते चेयरमैन प्रतिनिधि व सभासद प्रमीत तिवारी।

### सभासद के प्रयास से इंटरलॉकिंग का काम शुरू

**रनियां।** नगर पंचायत के शिवाजी नगर वार्ड में रहने वाले लोगों के आवागमन में हो रही असुविधा के मद्देनजर इंटर लॉकिंग सड़क निर्माण को लेकर लोगों ने सभासद प्रमीत तिवारी उर्फ निक्कू के सामने प्रस्ताव रखा था। जिसके निर्माण के लिए मंजूरी मिली है। शासन से मंजूरी मिलने व टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद ठेकेदार ने निर्माण सामग्री उतरवाई। सोमवार को चेयरमैन प्रतिनिधि राम किशोर दिवाकर, समाजसेवी विष्णु कुमार गुप्ता व सभासद प्रमीत तिवारी बऊवा गुप्ता की मौजूदगी में पूजा-अर्चना व नारियल फोड़कर कार्य की शुरुआत कराई गई। सड़क निर्माण से लोगों ने काफी खुशी जताई। इस दौरान नवाब सिंह यादव, नीतू पांडेय, अनिल सिंह भदौरिया, मन्नू गोयल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### वक्फ संशोधन विधेयक वापस लेने की मांग

**राजपुर।** लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक में बदलाव के विरोध में भारतीय इंसाफ आर्मी के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम सिकंदरा को सौंपा। उन्होंने विधेयक को वापस लेने की मांग की है। भारतीय इंसाफ आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ . शरीफ खान व जिला उपाध्यक्ष अब्दुल अनवार के नेतृत्व में संगठन से जुड़े सैकड़ों लोगों ने सोमवार को सिकंदरा एसडीएम एसएन शुक्ला को ज्ञापन सौंपकर बताया कि आजादी के बाद मुस्लिम समाज की तरक्की के लिए वक्फ विधेयक लाया गया था। मुस्लिम समाज ने अपनी अचल संपत्ति वक्फ कमेटी को निशुल्क दान की है। जिससे समाज की दशा व दिशा में उपयोग के लिए संपत्तियों का उपयोग किया जा सके। केंद्र सरकार ने मुसलमानों की आर्थिक सामाजिक व शैक्षणिक स्थित को नेस्तनाबूंद करने के लिए वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया गया है। जिसका भारतीय इंसाफ आर्मी विरोध जता रही है। विधेयक में संशोधन करना एक समुदाय विशेष के लिए घातक व खतरनाक है। संशोधन विधेयक के बाद सारी इमारतों को ध्वस्त कर कब्जा करने का अंदेशा है। कमेटी द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग उठाई गई। इस दौरान सभासद मेहराज अंसारी, मोहसिन खान बाबा आदि मौजूद रहे।




भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले का स्वागत करते लोग।

### केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में बने विकास के कीर्तिमान

**सिकंदरा।** रसधान स्थित अटल वृंदावन धाम पहुंचे भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले व चेयरमैन कंचौसी राजू सिंह का अटल बाजपेयी, वीरेंद्र राजपूत, नीतू मिश्रा, यतींद्र बाजपेयी ने चांदी का मुकुट व माला पहनाकर स्वागत किया। सांसद ने कहा कि जिले का विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता है। सरकार से जो भी बजट स्वीकृत होगा। जिले के विकास कार्यों पर खर्च होगा। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार में विकास का नया कीर्तिमान स्थापित हो रहा है। गरीबों के लिए बिजली, रसोई गैस की सुविधा के साथ खाद्यान्न दिया जा रहा है। वही योगी सरकार ने प्रदेश में विकास कार्यों की गति देने के साथ कानून का राज स्थापित किया है। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष बंशलाल कटियार, पूर्व प्रधान हरिमोहन मिश्रा, मंडल अध्यक्ष वरुण राजपूत, ब्लाक प्रमुख राकेश कटियार, ब्लाक प्रमुख मीनू तिवारी, व्यापारी नेता नीरज मिश्रा, अजय बाजपेयी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि आशीष कटियार, स्वादेश आदि मौजूद रहे।




जानकारी देते भाजपा के कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल।

### भाजपा में नए सदस्यों को शामिल कराने का लें संकल्प

**कानपुर देहात।** भाजपा पार्टी कार्यालय माती में जिला स्तरीय संयुक्त मोर्चा स्वच्छता अभियान कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमे युवा मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, किसान मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा व अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष शामिल हुए। सोमवार को मुख्य अतिथि कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रचलित कर किया। उन्होंने सदस्यता अभियान का भी शुभारंभ किया। कहा, सदस्यता अभियान को घर-घर जाकर हर बूथ पर टोली बनाकर चलाएं। सभी मोर्चा के पदाधिकारी सदस्यता के अभियान में युद्ध स्तर पर कार्य करें। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी दल भ्रामक प्रचार कर भाजपा के प्रति षणयंत्र कर रहे हैं। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश तिवारी, रनिया विधानसभा संयोजक डॉ . सतीश शुक्ला, नीरज पांडेय, परवेश कटियार, रेणुका सचान, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### व्यापार मंडल अध्यक्ष की मां के निधन पर शोक

**शिवली।** कस्बे के व्यापार मंडल की अध्यक्ष रमाकांत अग्निहोत्री की मां का सोमवार की सुबह निधन हो गया। जिससे कस्बे के व्यापारियों में शोक छा गया। पूर्व सभासद विमलेश अग्निहोत्री, पूर्व सभासद सरला सैनी, वतनराज अग्निहोत्री, टीटू पटवा, चंदन गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष अवधेश शुक्ला, रजनीश कुमार, शिवकुमार तिवारी, मौजी अग्निहोत्री, हिमांशु शर्मा समेत अन्य लोगों ने शोक जताया।

## बस की टक्कर से महिला की मौत

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** अस्पताल में भर्ती बहू को देखकर वापस आतते समय बाइक सवार दंपति को निजी बस ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। सीएचसी से दंपति को कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।



रामश्री।

मंगलपुर कस्बा निवासी राम किशन दिवाकर रविवार को अपनी पत्नी रामश्री (55) को बाइक से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौबेपुर कानपुर नगर में भर्ती बहू किंजल को देखने गया था। वहां से देर रात दंपति वापस घर लौट रहे थे। तभी शिवली कोतवाली क्षेत्र के सहतावन पुरवा गांव के सामने रसूलाबाद-शिवली मार्ग पर



महिला की मौत पर मौजूद गमगीन परिजन। अमृत विचार

- चौबेपुर सीएचसी में भर्ती बहू को देखकर आते समय रात को हुआ हादसा

सामाने से तेज रफ्तार प्राइवेट बस (बॉबी) के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दंपति उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पीछा कर बस को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दंपति को सीएचसी शिवली भिजवाया, जहां डॉ. सनी यादव ने दोनों को गंभीर हालत में हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान रामश्री की मौत हो गई। जबकि रामकिशन का उपचार चल रहा हैं।

कोतवाल कृष्णा नंद राय ने बताया कि दुर्घटना ग्रस्त बाइक व बस कब्जे में हैं। तहरीर मिलने पर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## संदिग्ध हालात में घर में मिला वृद्ध का शव

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के कौरु मिर्जापुर गांव में एक वृद्ध की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। दुर्गंध उठने पर ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को सूचना दी।

कौरु मिर्जापुर गांव निवासी शिवकुमार कटियार (70) हृदय के रोगी थे उनका दो साल से इलाज चल रहा था। वह अपने परिवार के साथ कानपुर नगर में रहते थे। बीती पांच सितंबर को वह खेतीबाड़ी देखने के लिए गांव में आए थे। इसी बीच उनकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई, लेकिन किसी को जानकारी नहीं हो पाई। सोमवार की सुबह घर से दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों ने इसकी सूचना मृतक के बेटे अनिल कुमार को दी। जानकारी पर परिजन गांव पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना मृतक अंतिम संस्कार गांव में ही कर दिया। चौकी प्रभारी संदलपुर कौशलेंद्र ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है।

## धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने पर दर्ज हुई एफआईआर

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- बीडीओ की जांच रिपोर्ट में पुष्टि जिलाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई

**अमृत विचार।** बरौर गांव के लाभार्थियों को आवास दिलाने के नाम पर आरोपी ने धोखाधड़ी कर एक लाख पांच हजार रुपये हड़प लिए। बीडीओ की जांच में पुष्टि होने पर डीएम के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

डीआरडीए परियोजना निदेशक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सीता, गुड्डी, संतोष, शंकर आदि निवारीगण गांव व थाना बरौर ने डीएम को बीती 20 अगस्त को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के नबीपुर निवासी मोहित तिवारी ने उनको आवास दिलाने के नाम पर षड्यंत्र किया। इसके बाद धोखाधड़ी कर सीता से 10 हजार रुपये, गुड्डी से 22 हजार रुपये, संतोष से 12 हजार रुपये, शंकर से 15 हजार रुपये, करूणेंद्र से 14 हजार रुपये, जगदीश से 10 हजार रुपये व गीता से 22 हजार समेत कुल एक लाख पांच रुपये नकद व ऑनलाइन हड़प लिए। बाद में शिकायत करने पर उन्हें व परिवार को जान से मारने की धमकी दी। शिकायत की जांच बीडीओ मलासा को सौंपी गई थी। जिसमे आरोपी मोहित तिवारी के मोबाइल नंबर पर किए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का स्क्रीन शाट भी उपलब्ध कराए गए। आरोपी के दिए पते व मोबाइल से संपर्क नहीं हो पाया। जिसके बाद डीएम आलोक सिंह के निर्देश पर आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। पीडी ने कहा कि पीएम आवास योजना ग्रामीण 2024-29 के अंतर्गत आवास विहीन व कच्चे घरों में रहने वाले परिवारों का सर्वे चल रहा है।

## एक नजर

### दंपति से मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के असेनी निवासी नगमा खुद की जगह पर लगे पेड़ों को पड़ोसी की भैंस के खाने से रोक रही थी तभी पड़ोसी जमील उसके लड़के सलीम व सकील ने गालीगलौज करते हुए महिला के साथ मारपीट कर दी। बचाने आए पति सलमान को भी पीटा। जिससे दंपति लहूलुहान हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि घायलों को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

### बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

**पुखरायां।** सटटी थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गांव के रिषभ ने बताया कि उसके होमगार्ड पिता उदय सिंह (45) घर से बाइक में सवार होकर ड्यूटी के लिए सीओ आफिस भोगनीपुर जा रहे थे। वहीं गांव के ही अभय सिंह उर्फ छोटू (30) भोगनीपुर से बाइक में सवार होकर अपने घर गिरधरपुर आ रहे थे। तभी सुजगवा गांव के पास दोनों बाइके आपस में टकरा गई। जिसमे बाइक सवार होमगार्ड व युवक घायल हो गए।

## शत्रु संपत्ति पर अवैध स्कूल को किया सील

**कानपुर देहात।** शत्रु संपत्ति पर बिना मान्यता संचालित स्कूल में नायब तहसीलदार व बीईओ ने छापेमारी करते हुए सील किया। अकबरपुर क्षेत्र में बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों को बीईओ द्वारा सामूहिक नोटिस पूर्व में दी गई थी। लेकिन उसे नजर अंदाज कर मनमाने ढंग से स्कूलों का संचालन किया जा रहा था। अकबरपुर नायब तहसीलदार रविंद्र मिश्रा व बीईओ मनोज कुमार पटेल ने बारा गांव में बिना मान्यता ग्लोबल एकेडमिक कांवेंट स्कूल संचालित होने की सूचना पर छापेमारी की। जांच में पाया गया कि स्कूल की मान्यता नहीं थी और वह जिस जमीन पर संचालित था। वह शत्रु संपत्ति के दायरे में आती है। जमीन पर न तो विद्यालय बनाया जा सकता है और न मान्यता मिल सकती है।

## गर्भवतियों को दी सावधानी की सलाह

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** पीएचसी में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर 50 गर्भवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने परामर्श देने के साथ दवाएं बांटी और खानपान में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी।

सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों ने गर्भवतियों के स्वास्थ्य की जांच की। महिला चिकत्सक डॉ. पूनम ने उचित परामर्श के साथ उनको संबंधित रोग की दवाइयां वितरित की। कई गांवों से अस्पताल पहुंची सभी गर्भवतियों के खून की जांच भी की गई। एक महिला में खून की काफी कमी मिली। उसे सप्ताहिक चेकअप व सभी जांच कराने की सलाह दी गई। पीएचसी प्रभारी डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह की नौ तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। इसमें गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन व एचआईवी आदि की जांच की जाती है। इस मौके पर डॉ. शिवकुमार, एआरओ काशिफ, शीरीन, स्टाफ नर्स अभिरुचि, दिव्या सचान आदि मौजूद रहे।



गर्भवतियों को परामर्श देते चिकित्सा प्रभारी डॉ . अरुणेंद्र प्रताप सिंह।

- सुरक्षित मातृत्व दिवस पर 50 गर्भवतियों का किया परीक्षण

## चोरों ने घर से पार की नकदी व जेवरात

**मंगलपुर।** भोलानगर मोहल्ला में रात को घर में घुसे चोरों ने कमरे का ताला खोलकर अंदर से नकदी व जेवरात चोरी कर लिए। मंगलपुर थाना क्षेत्र के भोलानगर निवासी प्रदीप कुमार के घर में रविवार रात पड़ोसी की छत से जीने से होते हुए चोर घुस गए। इसके बाद किचन में रखी चावी से कमरे का ताला खोलकर उसमें रखी अलमारी के लाकर से जेवरात ओर पुत्री की गोलक से करीब चार हजार रुपये चोरी कर ले गए। प्रदीप करीब ढाई बजे मोबाइल चार्जिंग लगाने गया तो कमरा खुला देखकर चोरी की जानकारी हुई। उसने सूचना पुलिस को दी। डायल 112 व झींझक चौकी पुलिस ने छानबीन की। चौकी इंचार्ज झीझक शिवकुमार शर्मा ने बताया कि घटना संदिग्ध लग रही है।

**आयोजन** | जिलेभर में गणेश महोत्सव को लेकर कार्यक्रमों का दौर जारी

# पंडालों में गूंज रहे गजानन के जयकारे, उमड़ रहे श्रद्धालु

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** जिलेभर में गणेश महोत्सव को लेकर कार्यक्रमों का दौर जारी है । घरों, मंदिरों से लेकर पूजा-पंडालों में गजानन के जयकारे गूंज रहे हैं और आयोजन स्थलों पर श्री गणेश जी के भक्तों की जबरदस्त भीड़ उमड़ रही है।

मैथा कस्बे में स्थापित गणेश प्रतिमा का सोमवार को विधिवत पूजन अर्चन किया गया। ब्रजेश द्विवेदी, विजय गुप्ता, पप्पू सिंह चंदेल, शिवम सैनी, नितिन गुप्ता, विजय भदौरिया ने आरती उतारी और महिलाओं ने भजन गाए। यहां पर व्यास प्रदीप मिश्रा ने पूजन अर्चन के बाद राम कथा का श्रवण भक्तों को कराया। कोतवाली के पीछे कालोनी में भगवान गणेश की रजनीश अवस्थी, जीतू पांडेय आदि ने आरती उतारी। इसी तरह रामनगर मोहल्ले के मानशिला मंदिर में बऊवा सैनी, मुकेश सैनी, सुरेश शर्मा, अंकित तिवारी ने आरती उतारी और महा आरती के बाद भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। गांधी नगर मोहल्ले में गंगाराम पांडेय के आवास पर आचार्य अतुल द्विवेदी ने विधिवत पूजन अर्चन किया।

बाजार में स्थापित गणेश प्रतिमा के पूजन के बाद भजन सुनाए। शिवली बाजार, सुभाष नगर, बलराम नगर, बैरी, औनहा, भोला निवादा में भी गणेश भगवान का पूजन अर्चन किया गया।



मैथा बाजार में श्रीगणेश जी की आरती उतारते भक्त। अमृत विचार



गणेश विसर्जन यात्रा में झूमते श्रद्धालु। अमृत विचार

### मूसानगर में गाजे बाजे के साथ हुई गजानन की विदाई

**मूसानगर।** कस्बे में तीन दिवसीय गणेश महोत्सव कार्यक्रम का समापन हवन पूजन के बाद किया गया। गणेश चतुर्थी के अवसर पर वार्ड नंबर 13 गौसगंज में गणपति महोत्सव मनाया गया। श्री गणेश समिति द्वारा श्रीगणेश जी की प्रतिमा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा आयोजन स्थल से प्रारंभ होकर गांव की प्रमुख गलियों से घूमती हुई मुगल रोड से यमुना नदी पहुंची। लोग अपने हाथों में लंबी-लंबी पताकाएं लिए हुए थे और गणपति बप्पा मोरिया का उद्घोष कर रहे थे। वहीं युवक डीजे पर बज रहे भक्ति गानों की धुन में थिरकते रहे। यात्रा में शामिल सभी लोग जमकर अबीर और गुलाल उड़ा रहे थे।

# सफाई कर्मी की लापरवाही से रूरा सीएचसी में लगा गंदगी का अंबार

संवाददाता रूरा

- एसडीएम सदर व चिकित्सा अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण, मिलीं खामियां
- सफाई कर्मी की लापरवाही पर अधिकारियों ने वेतन काटने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित सीएचसी का एसडीएम सदर व चिकित्सा अधीक्षक ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सीएचसी में मिली खामियों में सुधार के निर्देश दिए।

सोमवार को एसडीएम सदर अवनीश सिंह व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आईएच खान रूरा सीएचसी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की और सफाई कर्मी द्वारा लापरवाही बरतने पर वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के अंदर लगे वाटर कूलर को बाहर लगाने को कहा। एसडीएम ने कहा कि कम से कम मरीज रेफर किए जाए। केवल गंभीर अवस्था में ही मरीज को रेफर किया जाए। उन्होंने अधिक से अधिक एक्सरे व संदिग्ध मरीजों की खून की जांच करने के लिए भी निर्देशित किया। इस दौरान डॉक्टर प्रतीक पांडेय, फार्मासिस्ट राजेश, एलटी मधुकर पाल, ब्रजेंद्र समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।



रूरा सीएचसी का निरीक्षण करते एसडीएम सदर अवनीश सिंह व चिकित्सा अधीक्षक डॉ . आईएच खान । अमृत विचार

# चोरों ने लाखों के जेवरात व नकदी उड़ाकर दी चुनौती

## 6 थानाक्षेत्रों में चोरों ने मचाई धमाचौकड़ी, सोहरामऊ, अजगैन, पुरवा, हसनगंज, बेहटा मुजावर व बांगरमऊ के कई गावों में हुईं घटनाएं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले में इस समय पुलिस का कोई इकबाल या रसूख नहीं रह गया है। क्योंकि जिले में चोरों को पुलिस का कोई भय नहीं रह गया है। बेखौफ चोर रातभर जिले भर में घूम-घूमकर चोरी की वारदातों को अंजाम देते हुए पुलिस को चुनौती दे रहे हैं और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। जानकारी पर पीड़ित घटना की सूचना जब पुलिस को देते हैं तो वह मौके पर जाकर जांच कर जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने का दावा कर लौट जाती है। बीते दिन भी चोरों ने जिले के सोहरामऊ, अजगैन, पुरवा, हसनगंज, बांगरमऊ व बेहटा मुजावर क्षेत्र के अलग-अलग गावों में घटनाओं को अंजाम दिया। लेकिन, पुलिस आज तक इनका खुलासा नहीं कर सकी।


अजगैन में चोरी के बाद मायूस बैठा परिवार। अमृत विचार


हसनगंज में चोरों द्वारा फैलाया गया सामान। अमृत विचार


पुरवा में घटना के बाद जांच करती पुलिस व डॉग स्क्वायड की टीम। अमृत विचार

**केस 01** **सोहरामऊ।** थानाक्षेत्र के गांव महनौरा में बीती रात सजीवन पुत्र रामशंकर लोध के घर को चोर निशाना बना 20 हजार नकद व लाखों के जेवरात पार कर फरार हो गए। पीड़ित सजीवन अपने साढ़ू के यहां चिलौला गांव गया था। उसकी पत्नी सरिता व बेटी प्रियंका घर में छत पर सो रही थी। चोर घर के बाहर बने शौचालय से होकर घर में दाखिल हुए और लाकर में रखे बेटी प्रियंका, पत्नी सरिता व बेटे की शादी के लिए बनवाए गए जेवर उठा ले गए और वहीं रखे बक्से को उठाकर चोर बाहर ले गए और एक खेत में सामान निकालकर भाग गए। सुबह जब सरिता उठी और घर में सामान बिखरा पड़ा देख उसे जानकारी हुई। सजीवन ने घटना की तहरीर सोहरामऊ थाने में दी है। सूचना पर पहुंचे दरोगा मो. असलम ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू की है।

**केस 02** **नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के ओहरापुर कौड़िया गांव का विनोद पुत्र जोधा रविवार देरशाम परिवार के साथ खाना खाने के बाद छत पर सोने चले गए। देररात मुख्य दरवाजे से घर के कमरे में घुसे चोरों ने बक्शे का ताला तोड़कर उसमें रखे 1 लाख के जेवर व 8 हजार की नकदी पार कर दी। सुबह जब परिजन सो कर उठे और घर के अंदर कमरे में गए और वहां सामान बिखरा देख दंग रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**केस 03** **हसनगंज।** कोतवाली क्षेत्र के खपुरा भट्ट गांव निवासी भैया लाल परिवार के साथ रविवार रात बरामदे में सो रहा था। तभी चोर पीछे लगे आम के पेड़ के सहारे छत पर चढ़कर घर में घुसे और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर 42 हजार नकद व एक लाख के जेवरात पार कर ले गए। पीड़ित ने बताया कि नवरात्र में बेटे बीनू की गोदभराई होने के चलते जेवरात बनवाए गए थे। उसकी शादी की तैयारी चल रही थी। जेवरात व कीमती साड़ियां चोरों ने पार कर दीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की।

**केस 04** **पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के मिही खेड़ा गांव निवासी पवन कुमार गांव में दूध डेयरी व कस्बे के चंदीगढ़ी में कीटनाशक की दुकान किये है। रविवार रात वह परिवार के साथ बाहर कमरे में सो रहा था। सोमवार सुबह उठने पर देखा कि मेन गेट का ताला टूटा है। यह देख वह दंग रह गया। आनन-फानन अंदर जाकर देखा तो कमरा खुला था और वहां बक्से में रखे करीब 45 लाख के जेवर व 58 हजार रुपये गायब थे। सूचना पर पहुंचे एएसपी अखिलेश सिंह ने फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वाड बुलाकर जांच कराई। एएसपी ने घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए हैं।

**केस 05** **नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र बिचपरी गांव में रविवार रात चोरों ने दिलीप के घर से 25 हजार नकद व दो लाख के जेवर पार कर दिए। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी है। वहीं, कानपुर-लखनऊ हाईवे अंतर्गत जगदीशपुर गांव के मोड़ पर बक्तू खेड़ा गांव निवासी चंद्रभान सिंह की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। जहां से चोरों ने शटर तोड़कर एक लाख का बिजली का सामान पार कर दिया। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। जल्द चोरी का खुलासा होगा।

**केस 06** **गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव कुमेर खेड़ा निवासी नरेश पुत्र भरत के घर में चोरों ने धावा बोलकर अलमारी का ताला तोड़ दिया और उसमें जेवरात पार कर दिये। चोर कमरे में रखी गोलक फोड़कर 35 हजार रुपये भी ले गए। इसके अलावा कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव कुशराज पुर निवासी भाजपा कार्यकर्ता सोनू सिंह पुत्र रामपाल किसी काम से दिल्ली गए हैं। उनकी पत्नी व बच्चे रविवार रात घर में सो रहे थे। तभी चोर घर में घुसे और कमरे का ताला तोड़ दिया। आवाज सुन पत्नी की नींद टूट गई और उसने चोरों को पकड़ने का प्रयास किया। किंतु चोर घर से जेवरात सहित करीब डेढ़ लाख का सामान लेकर भाग गए। पीड़ितों ने घटना की तहरीर संबंधित थानों की पुलिस को दी है।

# क्राइम मीटिंग में एसपी ने दिखाये तेवर, कसे पेच

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- जिले में हो रही चोरियों का जल्द खुलासा करने को कहा
- लंबित विवेचनाओं को समय से पूरा करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** एसपी ने रविवार देरशाम पुलिस लाइन सभागार में हुई क्राइम मीटिंग में थानेदारों को घटनाएं रोकने की हिदायत देने के साथ लंबित विवेचनाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर एसपी के तेवर तल्ख रहे और उन्होंने इस पर लगाम कसने के आदेश दिए।

एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने जिले में आपराधिक घटनाओं से संबंधित दर्ज अभियोगों व लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए इनके शीघ्र निस्तारण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने को कहा। हत्या, दुष्कर्म, लूट सहित जघन्य अपराध करने वालों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। एसपी ने महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने को प्रभावी कार्यवाही करने, इनामिया बदमाशों को शीघ्र गिरफ्तार करने व शातिर अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोल गुंडाएक्ट के तहत जिलाबदर व गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई करने को कहा। इसके साथ गंभीर अपराधों, पॉक्सो, दुष्कर्म के मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर आरोपियों को सजा दिलाने के आदेश दिए। चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर एसपी के तेवर तल्ख रहे और उन्होंने इस पर लगाम लगाने के आदेश दिए।

एसपी ने चोरी की बढ़ती घटनाओं पर नाराजगी जताते हुए इन्हें रोकने को ठोस कदम उठाने के आदेश दिए। कहा अगर अपराध पर लगाम नहीं लग पा रही है तो मुझो कठोर कार्रवाई करनी पड़ेगी। मादक पदार्थों की ब्रिकी व परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर इनकी रोकथाम व इनमें संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए। मीटिंग में एएसपी अखिलेश सिंह व प्रेमचंद, सभी सर्किल के सीओ सहित थानेदार व कार्यालयों के प्रभारी मैजूद रहे।

# सरांय कटियान में पोलैंड की कंपनी लगाएगी यूनिट, देखी व्यवस्थाएं

संवाददाता, बिछिया

**अमृत विचार।** मेरठ से प्रयागराज तक बन रहे गंगा एक्सप्रेस-वे में सदर तहसील क्षेत्र के गांव सरांय कटियान किनारे यूपीडा द्वारा औद्योगिक गलियारा बनाने के लिए ग्रामीणों की 132 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण की गई थी। बीती 29 अगस्त को मुख्य सचिव मनोज सिंह द्वारा पोलैंड की कंपनी के साथ बात कर स्थलीय निरीक्षण किया था।

इसके बाद मुख्य सचिव के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा ने सोमवार को पोलैंड से आए तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल को पानी को लेकर आ रही समस्या पर बताया कि इसके लिये 25 किमी दूर शहर से पाइप लाइन डालनी पड़ेगी। जिसमे करीब एक वर्ष लगेगा और लाइट के लिये सब स्टेशन बनेगा। जिससे निर्बाध बिजली मिल सके। हिंदुस्तान बॉटलिंग प्लांट की मोबाइल यूनिट से गैस मिल जाएगी। सीडीओ ने बताया कि सभी विषयों पर बात हो गई है। जल्द ही वहां पोलैंड की कंपनी द्वारा फैक्ट्री लगाई जाएगी।


पोलैंड से आई टीम के सदस्यों से बात करते सीडीओ। अमृत विचार

- मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा ने टीम से बातचीत कर समस्याओं से कराया अवगत

## सड़क हादसे में मृत युवक की हुई पहचान

**उन्नाव।** बीते गुरुवार सदर कोतवाली क्षेत्र की मगरवारा चौकी अंतर्गत एक चैरिटेबल अस्पताल के पास एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया था। इसमें आटो सवार एक अधेड़ की मौके पर मौत हो गई थी। जिसकी शिनाख्त न होने से शव मोर्चरी में रखवाया गया था। सोमवार को मोर्चरी पहुंचे उसके बेटे नीशू ने उसकी शिनाख्त रमेश (50) पुत्र सुंदर लोधी निवासी पुटरिहा थाना माखी के रूप में की। बेटे ने बताया कि पांच सितंबर को पिता कचहरी पेशी पर गए थे। जहां से वह गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांव कन्हवापुर निवासी बेटी मंजो से मिलने गए थे। उनके घर न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश की लेकिन, पता नहीं लगा। माखी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने गए तो परिजनों को पुलिस ने सदर कोतवाली जाने की बात कही थी।

# हैंडपंप में पानी भरने को लेकर दो पक्षों में हुआ झगड़ा

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** सटटी थाना क्षेत्र के बीरबल का पुरवा में सरकारी हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर दो पक्षों के विवाद में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमे दो किशोरी समेत चार लोग घायल हो गए।



बीरबल का पुरवा निवासी राकेश का पड़ोसी सत्यवीर से जमीनी विवाद चल रहा है। सोमवार को राकेश की बेटियां रोशनी (16) व खुश्बू (18) सत्यवीर के दरवाजे लगे सरकारी हैंडपंप में पानी भरने गई थी। तभी जमीनी विवाद को लेकर सत्यवीर व उसके भाई जयवीर ने रोशनी व खुश्बू को पानी भरने को लेकर विरोध किया। तभी दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी डंडे व कुल्हाड़ी चल गए। जिसमें एक पक्ष से सत्यवीर व उसका भाई जयवीर और दूसरे पक्ष से रोशनी व खुश्बू घायल हो गई। पुलिस ने घायलों को राजपुर पीएचसी में भर्ती कराया। थानाध्यक्ष संजेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों में जमीन को लेकर झगड़ा चल रहा है। दोनों पक्षों के जयवीर सिंह सत्यवीर, जखैय्या, आरती व दूसरे पक्ष से गुड्डी, राकेश, खुश्बू व पूजा के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई थी।

## सार-संक्षेप

### घर में घुसे युवक पर जेवरात चुराने का लगाया आरोप

**औरास।** थानाक्षेत्र के आदमपुर गांव निवासी कुशमा पत्नी राम स्वरूप ने औरास थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि वह और उसका परिवार बागेश्वर धाम गया हुआ था। जब वे घर लौट रहे थे तो उसका पति कार से उन लोगों को उन्नाव लेने गया था। जब देररात वे वापस आए और घर पहुंचे तो देखा कि संजय उर्फ दुर्विजय शुक्ला उनके घर में था। उन लोगों को देखकर वह भाग गया। उन लोगों ने उसे पकड़ने का काफी प्रयास किया लेकिन वह भागने में सफल रहा। वह घर से उसके जेवरात ले गया है। इसे लेकर एसओ औरास अश्वनी मिश्र ने बताया कि जानकारी मिली है कि दोनों पक्षों में जमीन को लेकर विवाद है। चोरी की घटना प्रतीत नहीं हो रही है। हालांकि आरोपी के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

### टेंपो में बिगड़ी अधेड़ की हालत, हुई मौत

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत उन्नाव-शुक्लागंज मार्ग पर कानपुर से आ रही टेंपो में एक अधेड़ की अचानक हालत बिगड़ गई। अचेत अवस्था में पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पहचान न होने पर शव मोर्चरी में रखवाया गया है। सोमवार दोपहर कानपुर से सवारियां लेकर एक टेंपो शहर आ रही थी। सदर कोतवाली क्षेत्र की मगरवारा चौकी अंतर्गत गोकुल बाबा चौराहे पर टेंपो सवार अधेड़ की अचानक हालत बिगड़ गई। इससे उसमें बैठे अन्य यात्रियों में हड़कंप मच गया। चालक घबराहट में टेंपो रोककर अन्य यात्रियों की मदद से नजदीकी डॉक्टर के यहां ले जाने का विचार कर रहा था तभी वह अचेत होकर गिर गया। सूचना पर चौकी पहुंची पुलिस ने उसे उसी के टेंपो से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जामातलाशी में उसके पास कोई ऐसा दस्तावेज नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त कराई जा सके। इस पर पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही और मृतक की शिनाख्त कराने का भी प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिनाख्त के लिये सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को सात साल की सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- कोर्ट ने दोषी पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थाना में दर्ज किशोरी से दुष्कर्म के मामले की सुनवाई पूरी होने पर कोर्ट ने आरोपी युवक को दोषी ठहराते हुए उसे सात साल की सजा सुनाई। साथ ही कोर्ट ने उस पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी बेटी कक्षा नौ की छात्रा है। 24 फरवरी-2016 को बेटी सुबह नौ बजे स्कूल गई थी। लेकिन देरशाम तक वापस नहीं लौटी। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को बरामद किया था। मां ने कन्नौज जिला के माछा गांव निवासी मनोज यादव व शिवकुमार पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आईओ कैलाश चंद्र ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर 18 अप्रैल-2016 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। तभी से मुकदमा विशेष पॉक्सो कोर्ट में विचाराधीन था। सोमवार को मुकदमे की सुनवाई के दौरान एडीजे विवेकानंद विश्वकर्मा ने शासकीय अधिवक्ता कविता सिंह की दलील व साक्ष्य के आधार पर आरोपी मनोज को दोषी मानकर सात साल की सजा सुनाई है। वहीं दूसरे आरोपी शिवकुमार की ट्रायल के दौरान ही मौत हो चुकी है।

## छत से गिरकर फर्नीचर कारीगर की गई जान

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी एक अधेड़ रविवार रात छत पर टहल रहा था, तभी वह छत से आंगन में आ गिरा। परिजन उसे अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सुभाष नगर निवासी स्व. मन्ना शर्मा 52 वर्षीय वीरेन्द्र शर्मा बढ़ाई कारीगर था, रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे छत पर टहल रहा था, तभी वह अनियंत्रित होकर आंगन में आ गिरा। यह देख परिजन दौड़े और आनन फानन उसे इलाज के लिये लेकर नगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां सिर पर गंभीर चोटें आने के कारण डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिये। उसका अंतिम संस्कार करा दिया।


जांच करती टीम। अमृत विचार

## जांच करने पहुंची टीम को सब मिला सही

**हसनगंज।** क्षेत्र के भोगला गांव में 11.84 लाख से बनाए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्र में मानकों का पालन न होने की शिकायत पर सोमवार को दो सदस्यीय जांच टीम पहुंची। ग्रामीणों ने पिलर में मिट्टी भरकर पिलर बनाने की शिकायत की थी।

जॉच टीम में सहायक अभियंता ग्रामीण सुरेंद्र सिंह व जेई फूलचंद ने जांच की। जिसमें कार्य सही मिला। पिलर में मिट्टी लगी होने पर जेई फूलचंद ने बताया कि पिलर में सरिया डालने के लिए मिट्टी लगाई गई थी।

ताकि लिंटर के समय मिट्टी हटाकर सरिया फंसाई जा सके। जिससे लिंटर में पड़ने वाली कंक्रीट मजबूती से पकड़ में आ जाए। फिर भी ठेकेदार को हिदायत दी गई है कि निमार्ण करवाते समय मानकों को ध्यान में रखा जाए। कहा कि कार्य की समय-समय पर जांच की जायेगी।

# ट्रैक्टर-ट्राली में पीछे से घुसी कार दो मजदूर हुए घायल, रेफर

संवाददाता औरास उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार ट्रैक्टर-ट्राली में पीछे से जा घुसी। जिसमें ट्राली के पीछे रहा मजदूर घायल हो गया। यूपीडा कर्मी उसे सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे रेफर क़र दिया।

औरास थानाक्षेत्र के इनायतपुर बर्रा गांव निवासी मुरली (55) पुत्र लोकई व सुनील (32) पुत्र रामसागर लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर सोमवार सुबह 11 बजे औरास थानाक्षेत्र के पंचम खेड़ा गांव के सामने रोड की पोक्सीन क़र रहे थे। वहीं रुकक़र ट्रैक्टर-ट्राली के पीछे जूते पहन रहे थे। तभी आगरा से लखनऊ जा रही तेज रफ्तार कार ट्राली में पीछे से जा घुसी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों मजदूर घायल हो गये। घायलों को यूपीडा की एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार क़र मुरली को गंभीर देख लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर क़र दिया। वहीं सुनील को हल्की छोटे आई है। दोनों मजदूर आरजीबीएल कंपनी में विवेक तिवारी के अंडर काम करते हैं।



क्षतिग्रस्त कार को ले जाती यूपीडा की क्रेन। अमृत विचार

**मौसम की मार**

**स्वास्थ्य केन्द्र में एक डॉक्टर होने के कारण मरीज हुए परेशान, स्वंय इलाज न करने की डॉक्टर ने दी चेतावनी**

# बारिश के मौसम में अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या, लगी लाइनें

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बारिश होने के कारण तमाम निचले इलाकों में पानी भरा हुआ है। जिससे संक्रामक बीमारियों ने पैर पसार दिये हैं। सोमवार को पीएचसी, सीएचसी में ओपीडी कराने के लिये नगर के हर कोने से लोग पहुंचे। आलम यह रहा है कि पीएचसी में सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक मरीजों की लाइनें लगी रही। वहीं प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीजों की भीड़ रही।

लगातार बरसात होने के बाद अचानक मौसम बदला और तेज धूप निकली। जिसके बाद एक बार फिर बरसात ने दस्तक दे दी है। जिससे लोगों में वॉयरल फीवर तेजी से फैल रहा इसके साथ ही दस्त, स्किन रोग, समेत सिर दर्द, बदन दर्द, तेज बुखार, सर्दी, जुकाम आदि के मरीज अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लगभग 261 मरीजों की भीड़ देखी गई। जहां मौजूद एक डॉक्टर रश्मि वर्मा ने सभी की ओपीडी की और उन्हें दवाइयां दी।

डॉक्टर ने बताया कि इस समय बुखार के मरीज ज्यादा आ रहे हैं, क्योंकि अभी तक मौसम सामान्य हो गया था लेकिन तेज धूप के बाद दो चार दिन से अचानक भारी बारिश होने से लोगों की तबियत बिगड़ रही है, जिससे उल्टी दस्त के मरीज भी बढ़ गये हैं। वहीं प्राइवेट डॉक्टरों के यहां मरीजों की भारी भीड़ देखी जा रही है। गंभीर अवस्था में उन्हें उन्नाव व कानपुर में भर्ती कराया जा रहा है। इसके साथ ही डेंगू और मलेरिया के संभावित मरीज मिलने पर उनकी जांच कराई जा रही है। अभी तक कोई भी मरीज पॉजीटिव नहीं मिला है।


अस्पताल में लगी मरीजों की लाइन। अमृत विचार


ओपीडी में मरीजों की जांच करतीं डॉक्टर। अमृत विचार

### बुखार आने पर डॉक्टर से लें सलाह

- जाड़ा व नजला बुखार आने पर डॉक्टर से तुरंत सलाह लें, पैरासीटामॉल व एंटीबायटिक दवाओं का प्रयोग करें। लगातार एक सप्ताह तक दवा खाएं।

### बचाव के बताये तरीके

- बदलते मौसम में पानी उबाल कर पीएं, मच्छरदानी का प्रयोग करें, वासी भोजन न करें, बाहर की तली हुई चीजों का सेवन न करें, खुले आसमान में न सोएं, फ्रिज के पानी का सेवन न करें।

# चेतावनी बिंदु की ओर फिर बढ़ने लगा गंगा का जलस्तर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा के जलस्तर में इधर कई दिनों से बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रहा है। जिससे शुक्लागंज की ओर एक बार फिर जलस्तर ने चेतावनी बिंदु की ओर रुख कर दिया है। जिससे तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का पानी घुसने से यहां के रहने वाले लोगों को मुसीबत उठानी पड़ रहा है।

केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार रविवार शाम गंगा का जलस्तर 111.360 मीटर मापा गया था। जिसके बाद सोमवार को जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई और दोपहर एक बजे 111.510 मीटर पहुंच गया। वहीं शाम छह बजे 111.570 मीटर मापा गया। जो चेतावनी बिंदु 112 मीटर से 43 सेंटीमीटर दूर है। गंगा के बढ़े जलस्तर के कारण गोताखोर, हुसैन नगर, सैय्यद कम्पाउंड, कर्बला, शाही नगर, तेजी पुरवा, मोहम्मद नगर आदि इलाकों में बने मकानों के आस पास बाढ़ का पानी भर गया। जिससे वहां पर रहने वाले लोगों को आवागमन में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा।



- शाम छह बजे 111.570 मीटर मापा गया गंगा का जलस्तर
- चेतावनी बिंदु 112 मीटर से 43 सेंटीमीटर दूर बचा

# बरमूडा और अंगूठी से हुई डिप्टी डायरेक्टर के शव की शिनाख्त

## 31 अगस्त को गंगा में सेल्फी लेने के दौरान डूबे थे, 300 जवानों ने की थी तलाश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 31 अगस्त को नानामऊ घाट पर डूबे वाराणसी स्थित निजी मेडिकल कॉलेज के डिप्टी डायरेक्टर आदित्यवर्धन सिंह उर्फ गौरव का शव रविवार रात गंगाबैराज में मिला। शव बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था। परिजनों ने बरमूडा व हाथ में पहनी हुईं मूंगा की अंगूठी के आधार पर शिनाख्त की।


आदित्यवर्धन सिंह।

मूलरूप से उन्नाव, बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के कबीरपुर गांव निवास आदित्यवर्धन सिंह निजी मेडिकल कॉलेज में डिप्टी डायरेक्टर के पद पर वाराणसी में कार्यरत थे। वह वर्तमान में लखनऊ के इंदिरा नगर में रहते थे। उनकी पत्नी श्रेया महाराष्ट्र के अकोला में जज हैं। बीते 31 अगस्त को आदित्यवर्धन दो साथियों योगेश्वर मिश्र व प्रदीप तिवारी के साथ कार से नानामऊ घाट पहुंचे थे और साथियों के साथ गंगा में नहाने लगे। इसी दौरान सेल्फी लेने के दौरान गहरे पानी में जाने से डूब गए थे। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ टीम के अलावा स्थानीय गोताखोरों और पीएसी आदि के तीन सौ से अधिक जवानों ने खोजबीन शुरू की थी। ड्रोन से भी घाटों को खंगाला गया था लेकिन आदित्यवर्धन का कोई पता नहीं चल सका था।

रविवार रात करीब 9 बजे उनका शव घटनास्थल से करीब 40 किलोमीटर दूर गंगा बैराज के चैनल नंबर एक के गेट में फंसा मिला। नवाबगंज पुलिस ने शव को निकलवा कर परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने बरमूडा व मूंगा की अंगूठी से शिनाख्त की।

### जिस घाट पर डूबे उसी पर हुआ अंतिम संस्कार

- इकलौते बेटे की मौत की सूचना पर उनके पिता रमेश चंद्र बदहवास हो गए। सोमवार सुबह रमेश पोस्टमार्टम हादस के बाहर कार में ही बैठे रहे, कई बार उन्होंने बेटे को एक बार दिखाने की जिद की, लेकिन रिश्तेदार उन्हें ढांढस बंधाते नजर आए। मृतक के चाचा राजेंद्र कुमार ने बताया कि आदित्यवर्धन का अंतिम संस्कार उसी नानामऊ घाट पर किया जाएगा, जहां वह नहाने गए थे।

# पैतृक गांव पहुंचा डिप्टी डायरेक्टर का शव

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

- रविवार शाम कानपुर के गंगा बैराज में गेट नंबर-1 में उनका शव फंसा हुआ मिला था
- इसके बाद पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा

**अमृत विचार।** कानपुर के बिल्हौर क्षेत्र अंतर्गत नानामऊ घाट पर नहाते समय गंगा नदी में डूबे डिप्टी डायरेक्टर का शव सोमवार को नवें दिन कानपुर नगर के नवाबगंज थानांतर्गत गंगा बैराज से बरामद हो गया। सोमवार शाम बांगरमऊ क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट पर शव का अंतिम संस्कार किया गया।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव कबीरपुर के मूल निवासी आदित्य वर्धन सिंह उर्फ गौरव पुत्र रमेश सिंह इस समय इंद्रा नगर लखनऊ स्थित मकान में रह रहे थे। वह मोहल्ले के मित्र आदित्य तिवारी व बांगरमऊ के गांव पतसिया निवासी योगेश्वर मिश्रा के साथ 31 अगस्त की सुबह लखनऊ से बिल्हौर कानपुर स्थित नानामऊ घाट पर स्नान करने गए थे। स्नान करते समय वह अचानक गहरे पानी में लापता हो गए थे। उनके चचेरे भाई बिहार के मुख्यमंत्री के निजी सचिव अनुपम सिंह की सूचना पर एसडीआरएफ व एनडीआरएफ, पीएसी, पुलिस व स्थानीय गोताखोरों की टीम द्वारा नदी में डूबे गौरव की खोज के लिए एक हफ्ते तक लगातार सर्च अभियान चलाया। रविवार 9वें दिन कानपुर के नवाबगंज थानाक्षेत्र स्थित गंगा बैराज के गेट नंबर-एक पर पुलिस ने एक शव पानी में उतराता देखा। पुलिस ने गांव कबीरपुर निवासी आदित्य वर्धन गौरव के मित्र संतोष पटेल हाल निवासी काकादेव कानपुर को शिनाख्त के लिये बुलाया। संतोष ने शव की शिनाख्त डिप्टी डायरेक्टर आदित्य वर्धन के रूप में की। परिवार के ही शिव प्रकाश पटेल ने भी उनकी पहचान की। कानपुर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। परिजनों ने क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट अंतिम संस्कार कर दिया।

# युवक पर धारदार हथियार से हमला

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंबिकापुरम निवासी युवक को मामूली बात पर दबंगों ने मारा पीटा और धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है और घायल को मेडिकल के लिये भेजा है। अंबिकापुरम निवासी सोम शंकर शुक्ला ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि रविवार रात करीब सवा आठ बजे वह सब्जी खरीदने के लिये फोरलेन से जा रहा था, जैसे ही वह नेहरू नगर मोड़ के पास पहुंचा, तभी ठाकुर खेड़ा निवासी पीयूष तिवारी उर्फ बाबा, शक्ति नगर सूरज मिश्रा बाइक से मरहला की ओर जा रहे थे, वह लोग उसे गालियां देने लगे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर दोनों ने उसे जमकर पीटा और धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उसे चोटें आई।

# बोरिंग मशीन की खराबी से नये पुल का मृदा परीक्षण कार्य प्रभावित

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा नदी पर बने पुराने यातायात पुल के बंद होने से उत्पन्न यातायात की समस्या के समाधान के लिए राज्य सेतु निगम और लोक निर्माण विभाग ने कानपुर और शुक्लागंज के बीच एक नए फोरलेन पुल के लिये कवायद शुरू कराई थी। इस परियोजना के तहत पुल के लिए मृदा परीक्षण और सर्वेक्षण का कार्य शुक्लागंज क्षेत्र में किया जा रहा था।

हाल ही में, मृदा परीक्षण के दौरान बोरिंग मशीन की खराबी के कारण परीक्षण कार्य रोक दिया गया है। अरूण सोयल लैब द्वारा संचालित मृदा परीक्षण में लगी बोरिंग मशीन ने काम के दौरान तकनीकी खामियों का सामना किया, जिससे परीक्षण की गति प्रभावित हुई। सोमवार को कार्यस्थल से मशीन और अन्य सामान को हटा कर कानपुर की ओर ले जाया गया है, जहां नए बोरिंग कार्य की योजना बनाई गई है। सुपरवाइजर अजीत कुमार ने बताया कि मशीन की खराबी के कारण शुक्लागंज में मृदा परीक्षण कार्य अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। परीक्षण की पुनरारंभिक प्रक्रिया तब होगी जब नई हाईड्रोलिक मशीन उपलब्ध होगी। फिलहाल, कार्यदायी संस्था ने कानपुर क्षेत्र में मृदा परीक्षण को प्राथमिकता दी है। वर्तमान में, शुक्लागंज क्षेत्र में मृदा परीक्षण का कार्य पांच दिनों तक जारी रहा, जिसमें सौ फीट गहराई तक खोदाई की गई।


बोरिंग का सामान समेटती कार्यदायी संस्था। अमृत विचार

- शुक्लागंज की जगह अब कानपुर की ओर कराया जायेगा मृदा परीक्षण का कार्य

# जिला पंचायत सदस्य के प्रयास से लखनऊ के लिये बस शुरू

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- परिवहन मंत्री ने मामले को लिया था संज्ञान

**अमृत विचार।** क्षेत्र के निवासियों को राजधानी लखनऊ तक की यात्रा सुगम बनाने के लिए परिवहन विभाग की एक और बस चलाए जाने की मांग जिला पंचायत सदस्य ने परिवहन मंत्री से की थी। जिस पर मंत्री ने तत्काल मामले को संज्ञान में लेकर अधिकारियों को निर्देशित कर बस सेवा प्रारंभ करवाई है। सफीपुर तहसील अंतर्गत विकासखंड के तृतीय वार्ड से जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार मिश्रा गुड्डू ने बताया कि तहसील क्षेत्र की करीब 40 फीसदी आबादी गंगा व कल्याणी नदी के दोआबे में बसी होने के कारण उसे बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए राजधानी लखनऊ तक आवागमन करने में हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को बीती 28 अगस्त को क्षेत्र वासियों की इस समस्या पर ध्यान आकृष्ट कराया था। जिस पर मंत्री ने उनके पत्र का संज्ञान लेकर बस चलाने के आदेश दिए थे। जिस पर परिवहन विभाग द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर बस सेवा प्रारंभ करवाई गई है। यह बस सफीपुर नगर से सुबह 8 बजे व दोपहर 2 बजे से राजधानी लखनऊ के केसर बाग तक जाती है। वहीं केसर बाग से दोपहर 11 व शाम 5 बजे से सफीपुर के लिए निकलती है। लखनऊ के लिए दूसरी बस सेवा प्रारंभ होने से क्षेत्र वासियों में खुशी का माहौल है।


दिलीप कुमार गुड्डू।

# पैदल पुल पर अराजकतत्वों ने फिर लगाई आग, हड़कंप

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्लागंज के पुराने यातायात पुल के पैदल पुल पर सोमवार शाम अराजकतत्वों द्वारा आग लगाने की घटना एक बार फिर सामने आई है। बीते 15 दिनों में तीन बार आग लगने की घटना हो चुकी है। स्थानीय पुलिस व जिम्मेदारों की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

सोमवार शाम करीब छह बजे पुल के निचले हिस्से में आग लग गई, जिससे धुआं उठता रहा। पैदल पुल के पटरे धू धू कर जलते रहे। कानपुर की छोर पर स्थित होने के कारण गंगाघाट के जिम्मेदारों ने आग पर ध्यान नहीं दिया। क्षेत्रीय लोगों ने आग को देखकर प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नशेबाज अक्सर पैदल पुल में घुस जाते हैं और बीडी, सिगरेट फेंकते हैं, जिससे आग लग जाती है।


पुराने यातायात पुल के निचले हिस्से में जलती आग।

# किशोरी से युवकों ने की छेड़छाड़

**उन्नाव।** माखी थानांतर्गत एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी नाबालिग बेटी के साथ धान की निराई कराने गई थी। वहां से लौटते समय वह शौच के लिये कुछ दूर चली गई। तभी पड़ोसी गांव अंबहारा निवासी दो युवक कार से वहां आए और उनकी बेटी को अकेला देख छेड़छाड़ करने लगे। बेटी के शोर मचाने पर वे लोग उसे कार में खींचकर ले जाने का प्रयास करने लगे। तभी आसपास के खेतों में मौजूद लोग दौड़े तो आरोपी गालियां देकर बेटी को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# नवनिर्मित कक्ष का किया गया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के गांव कोरारी कलां स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम में सोमवार को वर्तमान परिदृश्य में ग्रामीण परिवेश और शिक्षा का महत्व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का उद्घाटन फीता काटकर विधायक भगवंतनगर आशुतोष शुक्ला व बीएसए संगीता सिंह ने किया।

विधायक ने सभी अभिभावकों से कहा कि अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें। विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर न होने की जानकारी पर उन्होंने अपने व्यक्तिगत निजी धन से बच्चों के लिए फर्नीचर भी देने का आश्वासन दिया। बीएसए संगीता सिंह ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में सभी को अत्यधिक प्रेरित करने की आवश्यकता है जहां पर मेरी आवश्यकता हो, मैं प्रत्येक समय उपस्थित रहूंगी। संगोष्ठी का संचालन अनुपम मिश्र ने किया हुए। बच्चों द्वारा भी सुन्दर मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई जिसमें सबसे ज्यादा शिक्षा से सही और गलत में अन्तर सिखाती अनपढ़ बहू नाटिका सभी के द्वारा पसंद की गई। मण्डल अध्यक्ष विद्या भास्कर ने सभी का आभार प्रकट किया।


दीप प्रज्ज्वलित कर कक्ष का उद्घाटन करते विधायक, मौजूद बीएसए व अन्य।

## सार-संक्षेप

### तेज बारिश को लेकर 12 तक रेड-आरेंज अलर्ट

**उन्नाव।** बिजली गिरने, बादल गरजने, भारी बारिश होने व तेज हवा चलने को लेकर जिले में रेड व आरेंज जोन में मौसम विभाग ने 9 से 12 सितंबर तक चेतावनी जारी कर अलर्ट घोषित किया है। एडीएम नरेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में मौसम विभाग ने बारिश, मेघगर्जन, (बिजली) अचानक तेज हवा या वर्षा होने की संभावना है। जिसके लिए ज्यादातर लोग अपने घरों में रहें, खिड़कियां व दरवाजे बंद रखें। यदि संभव हो तो यात्रा न करें। सुरक्षित स्थान पर रहें। पेड़ के नीचे न रुकें। कंक्रीट के फर्श पर न लेटें और कंक्रीट की दीवार का सहारा न लें। बिजली व इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बोर्ड से इस स्थित में दूर हटा दें। पानी वाले स्थान पर न रहें। उन सभी वस्तुओं से दूर रहें जो बिजली का संचालन करती हैं। साथ ही वाहन सावधानी पूर्वक चलायें।

### दबंगों ने मां, बेटे व बेटी को पीटा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के भिटवा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक परिवार को जमकर मारा पीटा। जिसमें मां बेटी और बेटा घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। भिटवा गांव निवासी करन ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि रविवार रात करीब दस बजे गांव के सिद्धेलाल, शिवम उसके घर के पास आये, जहां पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर दोनों ने लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने आई मां गीता और बहन खुशबू को मारा पीटा। मारपीट में तीनों घायल हो गया।

### शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला को एक युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये। जब महिला ने शादी की बात कही तो जातिसूचक गालियां देते हुये मारा पीटा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। गांव में रहने वाले महिला ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि 12 साल पहले उसके पति ने उसे छोड़ दिया था। दस साल पूर्व सुन्नी मरकर बड़ी मस्जिद अहमद नगर निवासी आसिफ खान से मोबाइल के जरिये दोस्ती हो गई। उसने शादी का झांसा देकर काफी दिनों तक शारीरिक शोषण करता रहा। इधर उसने आसिफ से शादी की बात कही तो वह आग बबूला हो गया और मारा पीटा। इतना ही नहीं जाति सूचक गालियां देते हुये धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है।

### जागरण देखने गए युवक पर लाठी-डंडों और तलवार से हमला

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शक्ति नगर निवासी एक युवक ने कुछ लोगों पर मारपीट कर तलवार से हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कार्रवाई को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। शक्ति नगर निवासी सुरेश पाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह रात लगभग 12 :30 बजे मोहल्ले में जागरण देखने गया था। इस दौरान उसका कुछ लोगों से विवाद हो गया। विवाद बढ़ते ही आरोप है कि उन लोगों ने सुरेश को लाठी-डंडों और तलवार से पीटना शुरू कर दिया। सुरेश किसी तरह भागकर अपने घर के दरवाजे पर पहुंचा, लेकिन वह लोग तलवार और लोहे की रॉड लेकर उसके घर पहुंचे और फिर से मारपीट की। गंगा घाट कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बालू घाट चौकी इंचार्ज राजेश मिश्रा ने पुष्टि की है कि दोनों पक्षों के एक-एक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके।

### पिता ने दर्ज कराई बेटी की गुमशुदगी

**औरास।** थानाक्षेत्र के मुस्लियावां गांव निवासी रामकुमार पुत्र सुमेर राठौर ने थाने में दिये प्रार्थनापत्र में बताया कि उसकी 22 वर्षीय बेटी बीती 19 अगस्त की शाम बिना परिजनों को कुछ बताए घर से कहीं चली गई है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। इसके बाद उसने थाने में लिखित तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### मानसिक विक्षिप्त का मिला शव, शिनाख्त नहीं

**हसनगंज।** कस्बा मोहान में चौराहे के पास भोगला मोड़ पर एक घुमंतू मानसिक विक्षिप्त का शव पड़ा मिला। जिसे देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनकी शिनाख्त न होने पर शव मोर्चरी भेज दिया। मोहान चौकी प्रभारी अनिल साहू ने बताया कि मानसिक विक्षिप्त क्षेत्र में ही घूमता रहता था। उसका निधन हुआ है। शव मोर्चरी भेजा गया है।

### अब एनपीसीआई मैप खाते में ही जाएगी दिव्यांग पेंशन

**उन्नाव।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ज्योति त्रिवेदी ने बताया कि दिव्यांग पेंशन एवं कुष्ठावस्था पेंशन के लाभार्थियों की आगामी किश्त का भुगतान आधार बेस्ड पेमेंट प्रणाली के माध्यम से आधार लिंक बैंक खातों में किया जायेगा। सभी दिव्यांगजन अपने बैंक से संपर्क कर दिव्यांग पेंशन संबंधी बैंक खाते में एनपीसीआई मैपर की प्रक्रिया को पूर्ण करा लें। आधार बेस्ड पेमेंण्ट में भुगतान मात्र एनपीसीआई मैप्ड आधार में ही किया जा सकता है।

### मजदूरी मांगने गई महिला व उसके पति को पीटा

**औरास।** थानाक्षेत्र के देवतारा गांव निवासी रोशनी पत्नी सत्येंद्र ने विषवल गांव निवासी रियाज पुत्र सत्तार के यहां मजदूरी की थी। पति उसके यहां मजदूरी का पैसा मांगने गया तो उसने रुपये नहीं दिये। इसके बाद जब पत्नी अपना पैसा मांगने गई तो उसने उससे उल्टा-सीधा कहा। आरोप है कि रियाज व साही ने दंपति को जमकर पीटा। मजदूर की पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर घटना की तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मारपीट व एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

# शिक्षकों को स्मार्ट क्लास का दिया ज्ञान

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार से शुरू हुई आईसीटी की ट्रेनिंग में जिले के 8 ब्लाकों के 108 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। जिसमें शुभम श्रीवास्तव ने हार्डवेयर संबंधी व सोमेश देशवाल ने सॉफ्टवेयर संबंधी समस्याओं का समाधान बताया। साथ ही प्रशिक्षण में अन्य जानकारी से लेकर स्मार्ट बोर्ड के समुचित प्रयोग, आई प्रेप डिजी अपलिकेशन का अनुप्रयोग, कीबोर्ड व नोटपैड के प्रयोग के साथ विज्ञान व गणित विषय में स्मार्ट क्लास के प्रयोग बताये गए।

आईएफपीडी के माध्यम से ज्यामितीय आकृतियों और कोणों को बनाना सिखाया गया। मई माह में एससीईआरटी से स्मार्ट क्लास प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर अमित राय, अंजू यादव व रचना सिंह ने स्मार्ट क्लास के व्यापक उपयोग पर जानकारी दी। डाइट प्रवक्ता अमित राय ने कहा की आपके पढ़ाए गए कंटेंट का आंकलन किसी भी समय किया जा सकता है। साथ ही प्रदेश में ये प्रशिक्षण अपने आखिरी चरण में हैं। एसआरजी रचना सिंह ने पोस्ट एवं प्री लर्निंग आकलन किया। वहीं विकास खंड औरास के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा गांव के शिक्षक प्रदीप वर्मा ने आईसीटी प्रशिक्षण को लाभकारी बताते हुए कहा कि बहुत से विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का पूर्ण उपयोग नहीं हो पा रहा था। उन्होंने ने कहा की डीएम द्वारा उनके विद्यालय में अप्रैल माह में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया था। इसके उपयोग से वर्तमान सत्र में ही कक्षा 6 में 56 नवीन नामांकन हुए हैं।

# अपशिष्ट प्रबंधन के गुर सीखने गई टीम

**उन्नाव।** ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की जानकारी के लिए प्रधानों व पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों व कर्मियों का 17 लोगों को सोमवार को हरियाणा राज्य के गुरुग्राम जिले के लिए रवाना किया गया। विकास भवन से दोपहर तीन बजे एक बस के द्वारा यह दल रवाना किया गया। राहुल कुमार परियोजना समन्वयक साहस संस्था के द्वारा जनपद के 15 ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं जिला स्तरीय सदस्यों का विजिट में शामिल किया गया।

# अवैध खनन करते मिले जेसीबी-डंपर किये जब्त

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में इन दिनों अवैध रूप से मिट्टी खनन किया जा रहा है। इसमें सक्रिय लोग रात में डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली भरवाकर निकाल रहे हैं। बीती रात परियर रोड के गहोली गांव के पास मिट्टी खनन हो रहा था। भोरपहर एसडीएम नवीन चंद्र व सीओ माया रॉय ने मौके पर छापा मारा। हालांकि वाहनों की आहट से छापे का एहसास होने पर आरोपी भाग गए। जबकि, मौके पर मिले एक डंपर व जेसीबी को कब्जे में लेकर थाने में दाखिल कराया गया है। क्षेत्र में लंबे समय से हो रहे अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर सीओ माया राय ने एसडीएम नवीन चन्द्र के साथ परियर रोड पर गहोली गांव पास हो रहे मिट्टी खनन पर छापेमारी की।

**गणेश महोत्सव** | विधायक बंबालाल दिवाकर ने की श्री गणेश की आरती, जगह-जगह हुए भंडारे

# गणपति बप्पा मोरया के जयघोष की चारों ओर है गूंज

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** मोटेश्वर महादेव मंदिर के पास बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में विराजमान श्री सिद्धि विनायक विघ्नहर्ता गणपति महाराज के चल रहे महोत्सव में सैकड़ों भक्त पहुंचे। भक्तों ने विधि विधान से पूजन कर गणेश जी की आरती उतारी और लोक कल्याण के लिए कामना की। सार्वजनिक सेवा समिति द्वारा बीते 16 वर्षों से कराए जा रहे महोत्सव में नगर व ग्रामीण अंचल से भक्त पहुंचकर गणपति महाराज की पूजा करते हैं।

बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में चल रहे श्री सार्वजनिक सेवा समिति के तत्वाधान में भव्य व दिव्य रूप में सजे श्री गणेश भगवान के पंडाल में सुबह पूजन व आरती में कस्बा सहित ग्रामीण अंचल के भक्तों ने पूजन अर्चन कर लोक कल्याण की कामना की। वहीं शाम की आरती में समिति के संरक्षक व भाजपा विधायक बम्बालाल दिवाकर ने भाग लेकर पूजन अर्चन कर आरती की। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों के गणपति बप्पा मोरिया जयघोष से पंडाल गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक राम विमल, आशीष कनौजिया, अमित कुशवाहा, नीरज कुशवाहा, रामखेलावन पाल सभासद, ब्रज किशोर पाल, राकेश तिवारी, राजू चौहान, व्यापार मंडल अध्यक्ष उत्तम निषाद, बेचेलाल गुप्ता सभासद आदि शामिल रहे।


सफीपुर में गणेश जी की आरती उतारते विधायक बंबालाल दिवाकर। अमृत विचार




गजानन की पूजा-अर्चना करते भक्त। चंपापुरवा के शिव मंदिर में विराजे गजानन महाराज। अमृत विचार

### रिद्धि-सिद्धि के दाता गणपति करें मेहरबानी

- **उन्नाव।** गणेश चतुर्थी के तीसरे दिन घरों व पंडालों में गणेश की पूजा-अर्चना कर आरती की गई। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कहीं बच्चों ने तो कहीं कलाकारों ने भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। कई जगह भजन-कीर्तन व झांकियां भी निकाली गईं। शहर के आवास विकास कालोनी, सिविल लाइन, पीडी नगर, गांधी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र व कस्बों में श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा की पूजा व आरती कर प्रसाद बांटा। देरशाम तक श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन किया जिसमें देर रात श्रद्धालु गीत संगीत का आनंद लेते रहे।

### जल विहार ककौहा गांव में आयोजित

- **पुरवा।** तहसील क्षेत्र के गांव ककौहा में रविवार को जलविहार महोत्सव आयोजित हुआ। जहां मंदिर से डोल पर सवार होकर श्रीकृष्ण भक्तों के साथ गांव के बाहर स्थित तालाब के लिए निकले। वहां पहुंचकर उन्होंने नौका से जल बिहार किया। भक्तों ने श्रीकृष्ण की आरती उतारकर जल बिहार का समापन किया। वही गांव में मेले का भी आयोजन किया गया। इस दौरान रविदेव भास्कर, कमलेश, अवधेश, दिनेश आदि लोग मौजूद रहे। योजक अध्यापक अरविंद शुक्ला ने सभी का आभार जताया।

### मेरे घर में पधारो गजानन जी

- **शुक्लागंज उन्नाव।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश महोत्सव की जगह जगह धूम मची हुई है। जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम, श्रीमद् भागवत कथा के अलावा अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये जा रहे हैं। वहीं सोमवार को तीसरा दिन होने के कारण कुछ लोगों ने गगनी खेड़ा झील में प्रतिमाएं भी विसर्जित की। वहीं सुबह शाम गणेश पंडालों में छप्पन भोग के साथ ही महाआरती का की जा रही हैं। श्री गणेश नवयुवक सेवा समिति की ओर से भातू फार्म में विराट 28वां श्री गणेश महोत्सव मनाया गया। जहां भक्तों ने बाबा को छप्पन भोग लगाया। इसके साथ सुबह-शाम महाआरती भी की गई। इसके साथ ही रुद्राभिषेक कराया गया। जहां आचार्यों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। वहीं द्वारिका मोहिनी कम्पाउंड में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हुआ। इसके साथ ही साकेतपुरी में श्री सिद्धि विनायक गणपति मंडल की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके अलावा मिश्रा कालोनी, चंपापुरवा, पोनी रोड, राम नगर, ऋषी नगर, नेहरू नगर राजमार्ग, आदि स्थानों पर गणेश महोत्सव में कार्यक्रम आयोजित किये गये। वहीं चंपापुरवा शिव पार्क के सुबह शाम महाआरती का आयोजन किया जा रहा है।

